शमूएल की पुस्तक

अध्याय 3

दाऊद राजा

Manuscript

thirdmill
Biblical Education. For the World. For Free.

© थर्ड मिलेनियम मिनिस्ट्रीज़ 2021के द्वारा

सर्वाधिकार सुरक्षित। इस प्रकाशन के किसी भी भाग को प्रकाशक, थर्ड मिलेनियम मिनिस्ट्रीज़, इनकोरपोरेशन, 316, लाइव ओक्स बुलेवार्ड, कैसलबरी, फ्लोरिडा 32707 की लिखित अनुमति के बिना समीक्षा, टिप्पणी, या अध्ययन के उद्देश्यों के लिए संक्षिप्त उद्धरणों के अतिरिक्त किसी भी रूप में या किसी भी तरह के लाभ के लिए पुनः प्रकशित नहीं किया जा सकता।

पवित्रशास्त्र के सभी उद्धरण बाइबल सोसाइटी ऑफ़ इंडिया की हिन्दी की पवित्र बाइबल से लिए गए हैं। सर्वाधिकार © The Bible Society of India

थर्ड मिलेनियम के विषय में

1997 में स्थापित, थर्ड मिलेनियम एक लाभनिरपेक्ष सुसमाचारिक मसीही सेवकाई है जो पूरे संसार के लिए मुफ्त में बाइबल आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

संसार के लिए मुफ़्त में बाइबल आधारित शिक्षा।

हमारा लक्ष्य संसार भर के हज़ारों पासवानों और मसीही अगुवों को मुफ़्त में मसीही शिक्षा प्रदान करना है जिन्हें सेवकाई के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण प्राप्त नहीं हुआ है। हम इस लक्ष्य को अंग्रेजी, अरबी, मनडारिन, रूसी, और स्पैनिश भाषाओं में अद्वितीय मल्टीमीडिया सेमिनारी पाठ्यक्रम की रचना करने और उन्हें विश्व भर में वितरित करने के द्वारा पूरा कर रहे हैं। हमारे पाठयक्रम का अनुवाद सहभागी सेवकाइयों के द्वारा दर्जन भर से अधिक अन्य भाषाओं में भी किया जा रहा है। पाठ्यक्रम में ग्राफिक वीडियोस, लिखित निर्देश, और इंटरनेट संसाधन पाए जाते हैं। इसकी रचना ऐसे की गई है कि इसका प्रयोग ऑनलाइन और सामुदायिक अध्ययन दोनों संदर्भों में स्कूलों, समूहों, और व्यक्तिगत रूपों में किया जा सकता है।

वर्षों के प्रयासों से हमने अच्छी विषय-वस्तु और गुणवत्ता से परिपूर्ण पुरस्कार-प्राप्त मल्टीमीडिया अध्ययनों की रचना करने की बहुत ही किफ़ायती विधि को विकसित किया है। हमारे लेखक और संपादक धर्मवैज्ञानिक रूप से प्रशिक्षित शिक्षक हैं, हमारे अनुवादक धर्मवैज्ञानिक रूप से दक्ष हैं और लक्ष्य-भाषाओं के मातृभाषी हैं, और हमारे अध्यायों में संसार भर के सैकड़ों सम्मानित सेमिनारी प्रोफ़ेसरों और पासवानों के गहन विचार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त हमारे ग्राफिक डिजाइनर, चित्रकार, और प्रोडयूसर्स अत्याधुनिक उपकरणों और तकनीकों का प्रयोग करने के द्वारा उत्पादन के उच्चतम स्तरों का पालन करते हैं।

अपने वितरण के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए थर्ड मिलेनियम ने कलीसियाओं, सेमिनारियों, बाइबल स्कूलों, मिशनरियों, मसीही प्रसारकों, सेटलाइट टेलीविजन प्रदाताओं, और अन्य संगठनों के साथ रणनीतिक सहभागिताएँ स्थापित की हैं। इन संबंधों के फलस्वरूप स्थानीय अगुवों, पासवानों, और सेमिनारी विद्यार्थियों तक अनेक विडियो अध्ययनों को पहुँचाया जा चुका है। हमारी वेबसाइट्स भी वितरण के माध्यम के रूप में कार्य करती हैं और हमारे अध्यायों के लिए अतिरिक्त सामग्रियों को भी प्रदान करती हैं, जिसमें ऐसे निर्देश भी शामिल हैं कि अपने शिक्षण समुदाय को कैसे आरंभ किया जाए।

थर्ड मिलेनियम a 501(c)(3) कारपोरेशन के रूप में IRS के द्वारा मान्यता प्राप्त है। हम आर्थिक रूप से कलीसियाओं, संस्थानों, व्यापारों और लोगों के उदार, टैक्स-डीडक्टीबल योगदानों पर आधारित हैं। हमारी सेवकाई के बारे में अधिक जानकारी के लिए, और यह जानने के लिए कि आप किस प्रकार इसमें सहभागी हो सकते हैं, कृपया हमारी वैबसाइट http://thirdmill.org को देखें।

विषय-वस्तु

प्रस्तावना 1
पहले की आशीषें 2
संरचना और विषयवस्तु 2
हेब्रोन में (2 शमूएल 2:1–5:5) 3
यरूशलेम में (2 शमूएल 5:6–9:13) 5
मसीही अनुप्रयोग 10
परमेश्वर की वाचाएँ 10
परमेश्वर का राज्य 11
बाद के अभिशाप 13
संरचना और विषयवस्तु 13
शुरूआती परेशानियां (2 शमूएल 10:1–12:31) 14
दूसरी अन्य परेशानियां (2 शमूएल 13:1–20:26) 18
मसीही अनुप्रयोग 21
परमेश्वर की वाचाएँ 21
परमेश्वर का राज्य 22
जारी रहने वाले लाभ 23
संरचना और विषयवस्तु 23
राजवंशीय गीत (2 शमूएल 22:1-51) 25
दाऊद के अंतिम राजवंशीय वचन (2 शमूएल 23:1-7) 27
शूरवीर (2 शमूएल 21:15-22) 27
शूरवीर (2 शमूएल 23:8-38) 28
परमेश्वर के अभिशापों से राहत (2 शमूएल 21:1-14) 28
परमेश्वर के अभिशाप से राहत (2 शमूएल 24:1-25) 29
मसीही अनुप्रयोग 30
परमेश्वर की वाचाएँ 31
परमेश्वर का राज्य 32
उपसंहार 33

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिये, हमारी वेबसाइट thirdmill.org पर जाएँ।

शमूएल की पुस्तक

अध्याय तीन

दाऊद राजा

प्रस्तावना

एक बुज़ुर्ग व्यक्ति ने एक बार कलीसिया के अगुवों का वर्णन इस प्रकार किया: “वे सिद्ध नहीं हैं, लेकिन मैं चिंता नहीं करता हूँ। मसीह अभी भी राजा है।” हम सभी समझते हैं कि इस बुद्धिमान व्यक्ति का क्या अर्थ था। हम अपने अगुवों के सिद्ध होने की कितनी भी इच्छा करें, वे कभी सिद्ध नहीं हैं। लेकिन उनकी विफलताओं के बावजूद, हम भविष्य के लिए अपनी सभी आशाओं को मसीह पर लगा सकते हैं, क्योंकि वह हमारा सिद्ध राजा है।

कई मायनों में, शमूएल की पुस्तक के लेखक ने अपने मूल, प्राचीन इस्राएली श्रोताओं को इसी तरह का एक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। वह और उसके मूल श्रोता जानते थे कि परमेश्वर ने भविष्य में पृथ्वी की छोर तक परमेश्वर के राज्य को फैलाने के लिए दाऊद के एक धर्मी पुत्र की प्रतिज्ञा की थी। लेकिन दाऊद के घराने की विफलताओं ने कई लोगों को संदेह में डाल दिया था कि क्या यह प्रतिज्ञा पूरी होगी। इसलिए, इस्राएल में विश्वासयोग्य लोगों को आश्वस्त करने के लिए, शमूएल के लेखक ने दाऊद और उसके घराने के लिए परमेश्वर के अनुग्रह के बारे में लिखा, कि दाऊद के इस महान पुत्र के लिए परमेश्वर की प्रतिज्ञा निश्चित थी।

मसीही होने के नाते शमूएल की पुस्तक में दाऊद का राज्य हमसे इन्हीं तरीकों में, मसीह में अपनी आशाओं की पुनः-पुष्टि करने के लिए आह्वान करता है। हम परमेश्वर की विश्वासयोग्य सेवा करने से चूक जाते हैं। लेकिन हमें चिंता करने की जरूरत नहीं है। दाऊद और उसके घराने के लिए परमेश्वर का अनुग्रह मसीह में पूरा होगा क्योंकि वह हमारा सिद्ध रीति से धर्मी राजा है।

हमारी श्रृंखला *शमूएल की पुस्तक* का यह तीसरा अध्याय है, और हमने इसका शीर्षक रखा है, “दाऊद राजा।” इस अध्याय में, हम शमूएल की पुस्तक के अंतिम प्रमुख विभाजन पर ध्यान केंद्रित करेंगे, वे अध्याय जो दाऊद और उसके घराने के लिए परमेश्वर के अनुग्रह को दर्शाते हैं। जैसा कि हम देखेंगे, हमारी पुस्तक के इस भाग ने प्राचीन इस्राएलियों को, दाऊद का एक सच्चा लेकिन आशावान चित्र पेश किया, जो आज हमें भी जब हम दाऊद के महान पुत्र यीशु की सेवा करते हैं, प्रोत्साहित करता है।

इस पूरी श्रृंखला के दौरान, हमने देखा कि शमूएल के लेखक ने अपनी पुस्तक को तब लिखा जब इस्राएल ने — या तो विभाजित राजशाही या बेबीलोन की बंधुवाई के दौरान गंभीर क्लेशों का सामना किया। उसने उनके जीवनों को कई अलग-अलग तरीकों से प्रभावित करने की कोशिश की, लेकिन कुल मिलाकर, उसके सर्वसमावेशी, मूल उद्देश्य को इस तरह से सारांशित करने में मदद मिलती है:

> **शमूएल के लेखक ने समझाया कि किस प्रकार राजशाही के लिए इस्राएल का बदलाव दाऊद के साथ परमेश्वर की वाचा में परिपूर्ण हुआ, ताकि इस्राएल दाऊद के घराने के धर्मी शासन में परमेश्वर के राज्य के लिए अपनी आशाओं को लगायेगा।**

जैसा कि यह सारांश बताता है, शमूएल के लेखक ने यह प्रकट करने के लिए, उन कुछ ऐतिहासिक घटनाओं के बारे में लिखा जो उसके समय से पहले हुई थीं, कि कैसे राजशाही के लिए इस्राएल का बदलाव दाऊद के साथ परमेश्वर की वाचा में परिपूर्ण हुआ। उसने दाऊद के धराने के धर्मी शासन में परमेश्वर के राज्य के भविष्य के लिए अपनी आशाओं को लगाने हेतु, इस्राएल के मूल श्रोताओं को बुलाहट देने के लिए अपने ऐतिहासिक अभिलेख को डिजाइन किया।

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

पहले के अध्यायों में, हमने देखा कि शमूएल की पुस्तक इन विषयों को तीन प्रमुख विभाजनों में स्पष्ट करती है: 1 शमूएल 1-7 में राजशाही के लिए शमूएल की प्रस्तावना; 1 शमूएल 8-2 शमूएल 1 में शाऊल की असफल राजशाही; और 2 शमूएल 2-24 में दाऊद की स्थायी राजशाही। इस अध्याय में हम अपने ध्यान को हमारी पुस्तक के तीसरे विभाजन पर केंद्रित करेंगे।

दाऊद की स्थायी राजशाही का रिकॉर्ड तीन मुख्य भागों में विभाजित होता है: 2 शमूएल 2-9 में, परमेश्वर से आशीषों वाले दाऊद के पहले वर्ष; 2 शमूएल 10–20 में परमेश्वर से अभिशाप वाले उसके बाद के वर्ष; और 2 शमूएल 21-24 में, दाऊद के घराने की विफलताओं के बावजूद, इसके माध्यम से दिए गए जारी रहने वाले लाभ।

सबसे पहले 2 शमूएल 2-9 में दाऊद द्वारा परमेश्वर से प्राप्त किए उन पहले की आशीषों को देखने के द्वारा, दाऊद राजा पर हमारा अध्याय दाऊद की स्थायी राजशाही के इन तीन प्रमुख भागों का पता लगाएगा।

पहले की आशीषें

इस श्रृंखला के दौरान, हमने देखा कि दाऊद के शासन पर हमारे लेखक के दृष्टिकोण उसकी पुस्तक के उद्देश्य के लिए महत्वपूर्ण थे। उसके दृष्टिकोण से, न्यायियों के शासन से राजाओं के शासन के लिए इस्राएल का बदलाव आखिरकार तब पूरा हुआ, जब दाऊद राजा बना। दाऊद का शासनकाल वह समय था जब दाऊद के स्थायी राजवंश के शासन के तहत एकजुट होकर, इस्राएल एक संपूर्ण साम्राज्य बना। दाऊद के शासनकाल के इस चरमोत्कर्ष चरित्र को उजागर करने के लिए, हमारे लेखक ने इस रिकॉर्ड के साथ शुरुआत किया कि कैसे और क्यों परमेश्वर ने दाऊद के शासनकाल के पहले वाले वर्षों में अभूतपूर्व आशीषों को उँडेला।

आशीषों वाले दाऊद के पहले वर्षों को बताने वाले अध्यायों पर हम दो तरीकों से ध्यान देंगे। हम उनकी संरचना और विषयवस्तु के प्रकाश में उनके मूल अर्थ का पता लगाएंगे। फिर हम उनके मसीही अनुप्रयोग की ओर मुड़ेंगे — शमूएल के इस भाग को मसीह के अनुयायियों के रूप में हमारे जीवनों को कैसे प्रभावित करना चाहिए। आइए परमेश्वर की ओर से दाऊद की पहले वाली आशीषों की संरचना एवं विषयवस्तु के साथ शुरू करें।

संरचना और विषयवस्तु

ये अध्याय अनेक घटनाओं को बताते हैं, लेकिन जैसे हमारी पुस्तक के हर दूसरे हिस्से में, ये घटनाएँ बार-बार दो मुख्य विषयों पर ध्यान-आकर्षित करती हैं। पहले स्थान पर, हमारे लेखक ने दिखाया कि कैसे दाऊद के शासन में, इस्राएल में परमेश्वर का राज्य आगे बढ़ा। दाऊद ने इस्राएल के सभी गोत्रों को एकजुट किया, यरूशलेम को अपनी नई राजधानी बनाया, यरूशलेम को सुदृढ़ किया, और वहाँ अपना राजमहल बनाया। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि, इन अध्यायों में परमेश्वर ने दाऊद के घराने को इस्राएल का स्थायी राजवंश बनाने की प्रतिज्ञा की।

दूसरे स्थान पर, इन अध्यायों में शमूएल के लेखक ने परमेश्वर की वाचाओं की गतिशीलताओं के संदर्भ में दाऊद की सफलताओं को भी समझाया। हमारे लेखक ने संकेत दिया कि दाऊद ने जो कुछ भी किया वह परमेश्वर के परोपकार के परिणामस्वरूप हुआ। लेकिन उसने बार-बार इस बात पर भी जोर दिया कि दाऊद ने लगातार मानवीय निष्ठा की परमेश्वर की आवश्यकताओं को पूरा किया। इन अध्यायों

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

में, दाऊद विशेष रूप से आराधना और शाही अधिकार के कार्यान्वयन के लिए मूसा की व्यवस्था के मानकों के प्रति विश्वासयोग्य था। और दाऊद की निष्ठा के कारण, परमेश्वर से उसने अद्‌भुत आशीषों के प्रतिफलों को प्राप्त किया। कुल मिलाकर, मूल श्रोताओं के लिए हमारे लेखक का सबक एकदम स्पष्ट था: परमेश्वर की आशीषों की हर एक आशा दाऊद की निष्ठा पर, सभी पीढियों में उसके पुत्रों की निष्ठा पर, और अंततः, पूर्ण रीति से धर्मी दाऊद के उस पुत्र पर निर्भर थी जो आने वाला था।

> दाऊद की आशीषें जिन्हें हम शमूएल की पुस्तक में देखते हैं, उसके वंश में आने वाले राजाओं के लिए एक अच्छा उदाहरण हैं। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि, परमेश्वर के प्रति दाऊद की आज्ञाकारिता के माध्यम से, उसने वास्तव में वह दिखाया जिसे हम "व्यवस्थाविवरण का सिद्धांत" कहते हैं, जो है: आज्ञापालन आशीषों को लाता है और अवज्ञा अभिशापों को लाता है। और इससे पहले कि दाऊद राजा बना, और इस्राएल के राजा के रूप में इस समय काल में, दाऊद अभी भी परमेश्वर के प्रति आज्ञाकारी था ... अब, परमेश्वर के प्रति इस आज्ञाकारिता के माध्यम से, और दाऊद द्वारा यह एहसास करना कि यह परमेश्वर ही है जिसने उसे राजा बनाया, [वह] परमेश्वर के निर्देशों का पालन करने और परमेश्वर के भविष्यद्वक्ताओं से प्राप्त निर्देशों का पालन करने में बहुत अधिक सावधान था। जब वह पलिश्तियों से लड़ना चाहता था, तो वह यूँही नींद से जाग कर नहीं जाता था। उसने यह सुनिश्चित किया था कि वह परमेश्वर से सलाह ले कि वह उसे बताए कि क्या उसके लिए जाना उचित है और उसे क्या करने की आवश्यकता है इत्यादि। और जब उसे ऐसा उत्तर मिला जो कहता है, "हाँ, जाओ," तो वह जाता है। जब यह होता है, "मत जाओ," तो वह रुकता है। और मैं सोचता हूँ कि राजशाही की उसकी शैली, जो कि मुख्यतः परमेश्वर के आज्ञापालन पर केंद्रित है, उन आने वाले राजाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है जो उसके बाद आएंगे।
>
> — रेव्ह. डा. हम्फ्रे अकोगयेरम

दाऊद की पहले वाली आशीषों का रिकॉर्ड पलिश्तियों के सिकलग में अपने घर से यहूदा के इलाकों में रहने के लिए, दाऊद के जाने के साथ शुरू होता है। यह दो भागों में विभाजित होता है: पहला, 2:1–5:5 में हेब्रोन में दाऊद के अनुभव; और दूसरा, 5:6–9:13 में, यरूशलेम में उसके अनुभव।

हेब्रोन में (2 शमूएल 2:1–5:5)

हमारे लेखक ने दो भागों में दर्ज किया कि कैसे परमेश्वर ने हेब्रोन में दाऊद को आशीषित किया। उसने 2:1–4:12 में दाऊद की राजशाही के लिए बढ़ते समर्थन के साथ शुरूआत की।

बढ़ता समर्थन (2 शमूएल 2:1–4:12)। दाऊद के बढ़ते समर्थन का विवरण तीन प्रकरणों में विभाजित होता है। प्रत्येक प्रकरण में, परमेश्वर के प्रति दाऊद की निष्ठा के परिणामस्वरूप परमेश्वर ने दाऊद की राजशाही के लिए बढ़ते समर्थन की आशीष दी।

2:1-4 में, पहला प्रकरण यहूदा पर ध्यान-केंद्रित करता है। यहाँ, शाऊल की मृत्यु के बाद यहोवा के मार्गदर्शन के लिए प्रार्थना करने द्वारा दाऊद ने स्वयं को परमेश्वर के प्रति निष्ठावान दिखाया, और फिर, जब, परमेश्वर ने आज्ञा दी, तो तुरंत सिकलग की सुरक्षा को छोड़कर वह यहूदा गया। और परमेश्वर ने उसे आशीषित किया जब यहूदा के लोगों ने हेब्रोन में यहूदा के घराने के ऊपर उसका राज अभिषेक किया।

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

अगले प्रकरण, 2:5-7 में, दाऊद को याबेश-गिलाद के लोगों का भी समर्थन मिला। दाऊद के पास याबेश-गिलाद के लोगों को अपने संभावित शत्रुओं के रूप में मानने का अच्छा कारण था। वे शाऊल के प्रति इतने समर्पित थे कि उन्होंने शाऊल और उसके पुत्रों को सम्मानजनक रीति से दफनाने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल दी। लेकिन दाऊद ने न तो उन पर हमला किया, न ही उन्हें धमकी दी। इसके बजाय, उसने व्यवस्थाविवरण 17:20 में परमेश्वर की वाचा की माँग को पूरा किया जहाँ परमेश्वर ने आज्ञा दी कि राजाओं को, स्वयं को अपने देशवासियों से बेहतर नहीं मानना है। दाऊद ने याबेश-गिलाद के लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करने की प्रतिज्ञा की। उसने यह कहते हुए पद 7 में उन्हें प्रोत्साहित किया, "अब हियाव बाँधो, और पुरुषार्थ करो; क्योंकि तुम्हारा प्रभु शाऊल मर गया है, और यहूदा के घराने ने अपने ऊपर राजा होने को मेरा अभिषेक किया है।" और परिणामस्वरूप, परमेश्वर ने दाऊद को और समर्थन के साथ आशीषित किया, यहाँ तक कि लोगों के ऐसे समूह से जो शाऊल के प्रति निष्ठावान रहे थे।

यहूदा के लोगों और याबेश-गिलाद के लोगों की रिपोर्ट देने के बाद, हमारा लेखक दाऊद की राजशाही के लिए बढ़ते समर्थन को उजागर करने वाले तीसरे प्रकरण की ओर मुड़ा। 2:8–4:12 में, यह थोड़ा लंबा प्रकरण, शाऊल के प्रधान सेनापति अब्नेर, और शाऊल के पुत्र ईशबोशेत के विद्रोह के साथ शुरू होता है। ईश-बोशेत का वास्तविक नाम ईश-बाल — "प्रभु का व्यक्ति" था — लेकिन हमारे लेखक ने उसके वास्तविक चरित्र को उजागर करने के लिए उसे ईश-बोशेत — "लज्जा का व्यक्ति" — कहा। अब्नेर ने ईश-बोशेत को पूरे इस्राएल के ऊपर राजा बनाया और दाऊद के साथ एक लंबे संघर्ष की शुरूआत की। लेकिन 3:1 हमें बताता है कि "परन्तु दाऊद प्रबल होता गया, और शाऊल का घराना निर्बल पड़ता गया।"

हमारे लेखक ने पहले इस बात पर ध्यान देने के द्वारा कि हेब्रोन में दाऊद के कई पुत्र उत्पन्न हुए, दाऊद की बढ़ती हुई ताकत को स्पष्ट किया। फिर यह समझाने के लिए कि कैसे शाऊल का घराना कमजोर हो गया, हमारे लेखक ने बताया कि अब्नेर और ईशबोशेत एक-दूसरे के खिलाफ हो गए। जैसे कि पुराने नियम में कई अनुच्छेद इंगित करते हैं, उनके शत्रुओं को एक-दूसरे से लड़ाने के द्वारा, परमेश्वर अक्सर अपने अनुग्रहीत लोगों की मदद के लिए आता है। ईशबोशेत ने अब्नेर पर शाऊल की एक दासी को लेने का झूठा आरोप लगाकर अब्नेर के साथ लड़ाई की शुरूआत की। अब्नेर ने दल बदल कर दाऊद के पास जाने के द्वारा और इस्राएल के प्राचीनों को दाऊद की राजशाही का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित करने के द्वारा जवाब दिया। 3:18 में, हम दाऊद के लिए परमेश्वर की अद्‌भुत आशीषों को देखते हैं जब अब्नेर ने प्राचीनों को याद दिलाया कि परमेश्वर ने घोषणा की थी, "अपने दास दाऊद के द्वारा मैं अपनी प्रजा इस्राएल को ... छुड़ाऊँगा।"

आगे इस बात पर जोर देने के लिए कि कैसे दाऊद और ताकतवर, जबकि शाऊल का घराना कमजोर हो गया, हमारे लेखक ने सावधानीपूर्वक अब्नेर और ईशबोशेत की मृत्यु का वर्णन किया। दोनों ही मामलों में, उसने दिखाया कि दाऊद सभी गलत कामों में निर्दोष था। सबसे पहले, उसने बताया कि दाऊद के सेनापति, योआब ने अब्नेर की हत्या कर दी। और दाऊद की धार्मिकता दिखाने के लिए, हमारे लेखक ने तुरंत 3:26 में जोड़ा, "परन्तु दाऊद को इस बात का पता न था।" इसके अलावा, इस बात को जानने के बाद, पद 28 में दाऊद घोषित करता है कि वह और उसका राज्य "अब्नेर के खून के विषय मैं ... सदैव निर्दोष रहूँगा।" वास्तव में, पद 31 में, दाऊद ने पूरे इस्राएल को अब्नेर के लिए विलाप करने की आज्ञा दी। और परिणामस्वरूप, पद 37 में, "अत: उन सब लोगों ने, वरन् समस्त इस्राएल ने भी, उस दिन जान लिया कि नेर के पुत्र अब्नेर का घात किया जाना राजा की ओर से नहीं था।"

दूसरा, दाऊद ईशबोशेत की मृत्यु का भी दोषी नहीं था। हमारे लेखक ने बताया कि दो व्यक्तियों ने ईशबोशेत की उसके बिस्तर पर हत्या की और अपने कार्य को घमंड के साथ दाऊद को बताया। लेकिन दाऊद ने ईशबोशेत को धर्मी बता कर और उसके हत्यारों को मौत की सजा देने के द्वारा अपनी निर्दोषता को प्रगट किया। एक बार फिर, हमारे लेखक की प्राथमिकता स्पष्ट है। परमेश्वर ने दाऊद को शाऊल के

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

समर्थकों और परिवार के लोगों के बढ़ते हुए समर्थन के साथ भी आशीषित किया, क्योंकि दाऊद इस समय पर परमेश्वर का निष्ठावान सेवक था।

पूर्ण समर्थन (2 शमूएल 5:1-5)। यह हमें हेब्रोन में दाऊद की आशीषों के दूसरे भाग पर लाता है, 5:1-5 में, पूरे इस्राएल की ओर से उसका पूर्ण समर्थन। इन पदों में, इस्राएल के सभी गोत्रों के प्रतिनिधि हेब्रोन में जमा हुए और उन्होंने अपने राजा के रूप में दाऊद का अभिषेक किया। एक बार फिर, दाऊद ने लोगों के प्रति विश्वासयोग्य रहने की विनम्रतापूर्वक प्रतिज्ञा देने के द्वारा, परमेश्वर के प्रति अपनी निष्ठा को दिखाया। 5:3 में, "दाऊद राजा ने उनके साथ हेब्रोन में यहोवा के सामने वाचा बाँधी।" और परिणामस्वरूप, परमेश्वर ने दाऊद को इस्राएल के सभी गोत्रों से उत्साह भरे समर्थन के साथ आशीषित किया।

हेब्रोन में दाऊद की पहले वाली आशीषों के उसके रिकॉर्ड के बाद, हमारा लेखक 5:6–9:13 में, यरूशलेम में दाऊद को दी गई आशीषों की ओर बढ़ता है। इस अपेक्षाकृत लंबे विवरण में कहानियाँ, कई रिपोर्ट, एक भाषण और एक प्रार्थना शामिल हैं, जो कि सब यह दिखाते हैं कि जब दाऊद ने यरूशलेम में परमेश्वर के प्रति निष्ठावान रहना जारी रखा तो कैसे उसने और बड़ी से बड़ी आशीषों को प्राप्त किया।

यरूशलेम में (2 शमूएल 5:6–9:13)

बाइबल से परिचित हर कोई जानता है कि यरूशलेम बाइबल के पूरे इतिहास का भौगोलिक केंद्र है। उत्पत्ति से लेकर प्रकाशितवाक्य तक, पृथ्वी पर परमेश्वर के राज्य के यरूशलेम के आसपास में शुरू करने और वहाँ से पृथ्वी की छोर तक फैलाने की परमेश्वर की योजना थी। शमूएल का लेखक आश्वस्त था कि दाऊद का घराना परमेश्वर के राज्य के लिए इस आशा को पूरा करेगा। इसलिए, इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि यह उजागर करने के लिए कि परमेश्वर ने दाऊद को यरूशलेम में कितना आशीषित किया उसने कुछ समय लिया।

शुरूआती उपलब्धियाँ (2 शमूएल 5:6–6:23)। यरूशलेम में दाऊद के समय का विवरण तीन प्रकरणों में विभाजित होता है। यह 5:6–6:23 में दाऊद की शुरूआती उपलब्धियों के साथ प्रारंभ होता है। शमूएल के लेखक ने तीन चरणों में दाऊद की शुरूआती उपलब्धियों की रिपोर्ट दी। पहले चरण में, 5:6-16 में, यरूशलेम में यबूसियों के गढ़ पर निडर होकर विजय प्राप्त करने के द्वारा, दाऊद ने परमेश्वर के प्रति अपनी निष्ठा को दर्शाया। यह कोई आम मानवीय युद्ध नहीं था। स्वयं परमेश्वर ने दाऊद को जीत के साथ आशीषित किया। जैसा कि 5:10 में हमारे लेखक ने समझाया, "और सेनाओं का परमेश्वर यहोवा उसके संग रहता था।" यह अभिव्यक्ति "सेनाओं का परमेश्वर यहोवा" परमेश्वर को स्वर्ग की सेनाओं के अगुवे के रूप में नामित करने वाली एक दिव्य उपाधि थी। इसलिए, जब शमूएल के लेखक ने यह कहा कि परमेश्वर दाऊद के साथ था, तो उसका अर्थ था कि दाऊद ने परमेश्वर की आशीषों को प्राप्त किया और जब उसने यरूशलेम को जीता तो परमेश्वर के स्वर्गदूतों की सेनाएं उसके साथ-साथ और उसके लिए लड़ी।

परमेश्वर से और अधिक आशीषों की दो संक्षिप्त रिपोर्ट को जोड़ने के द्वारा, शमूएल के लेखक ने पुष्टि की, कि यरूशलेम में दाऊद की जीत परमेश्वर की आशीष थी। पहली रिपोर्ट में, उसने यरूशलेम में दाऊद की निर्माण परियोजनाओं का उल्लेख किया। दाऊद ने नगर को किलेबंद किया, और सूर के राजा, हीराम ने देवदार के वृक्षों के साथ-साथ बढ़ई और राजमिस्त्री भी भेजे, जिन्होंने दाऊद के लिए एक महल बनाया। और दूसरी रिपोर्ट में, हमारे लेखक ने 5:13 में उल्लेख किया, कि परमेश्वर ने दाऊद को और बच्चों से आशीषित किया। लेकिन ये आशीषें सिर्फ दाऊद के लिए ही नहीं थीं। वे पूरे देश के हित के लिए थीं, क्योंकि दाऊद इस्राएल का राजा था। पद 12 के अनुसार, "और दाऊद को निश्चय हो गया कि यहोवा ने मुझे इस्राएल का राजा करके स्थिर किया, और अपनी इस्राएली प्रजा के निमित्त मेरा राज्य बढ़ाया है।"

5:17-25 में, दाऊद की शुरूआती उपलब्धियों के दूसरे चरण में, शमूएल के लेखक ने यरूशलेम की रक्षा करने में दाऊद की सफलता का विवरण दिया। दो बार पलिश्तियों ने यरूशलेम पर चढ़ाई की,

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

लेकिन दोनों लड़ाइयों में, दाऊद ने परमेश्वर के प्रति अपनी भक्ति दिखाई। पद 19, 23 में, युद्ध से पहले उसने "यहोवा से पूछा," और जो आज्ञा परमेश्वर ने दी उसका तुरंत पालन किया। परिणामस्वरूप, परमेश्वर ने दाऊद को कई और महान विजय देकर आशीषित किया। पहली लड़ाई के बाद, इस्राएलियों ने पलिश्ती मूर्तियों को कब्जे में ले लिया — बहुत कुछ जैसे एली के दिनों में पलिश्तियों ने परमेश्वर के वाचा के संदूक को ले लिया था। दूसरी लड़ाई के बाद, दाऊद पलिश्तियों को यरूशलेम से बहुत दूर उत्तर और पूर्व की ओर खदेड़ने में सफल रहा।

6:1-23 में, दाऊद की शुरूआती उपलब्धियों के तीसरे चरण में, शमूएल के लेखक ने समझाया कि कैसे दाऊद यरूशलेम को सुदृढ़ करने में सफल रहा। यहाँ हम दाऊद द्वारा परमेश्वर के संदूक को नगर में लाने की प्रसिद्ध कहानी को पाते हैं। हमारे पहले वाले अध्याय से आपको याद होगा कि वाचा का संदूक 20 वर्षों से किर्यत्यारीम — या यहूदा के बाले नामक स्थान पर रह गया था। लेकिन इस समय पर, दाऊद ने अपनी राजधानी में वाचा के संदूक को लाने के लिए एक भव्य जुलूस का आयोजन करने के द्वारा परमेश्वर के प्रति अपनी निष्ठा दिखाई।

दाऊद के जुलूस की शुरूआत ने तुरंत दाऊद की इस जागरुकता की ओर संकेत दिया कि यरूशलेम की सुरक्षा के लिए परमेश्वर की विश्वासयोग्य आराधना महत्वपूर्ण थी। दाऊद का जुलूस याजको और लेवियों को शामिल करता हुआ न केवल आराधना का एक कार्य था, लेकिन जैसा कि हम 6:1 में पढ़ते हैं, दाऊद ने एक बड़े और उच्च वर्ग के सैन्य बल को भी जमा किया। इसके अलावा, 6:2 में, शमूएल के लेखक ने दाऊद के सैन्य उद्देश्य की ओर संकेत दिया जब उसने लिखा कि "परमेश्वर का संदूक ... सेनाओं के यहोवा का कहलाता है।" जैसा कि हमने अभी उल्लेख किया, दिव्य उपाधि "सेनाओं के यहोवा" ने परमेश्वर को स्वर्ग की सेनाओं के अगुवे के रूप में सम्मानित किया। दाऊद ने जान लिया था कि अपनी राजधानी को इस्राएल की आराधना का केंद्र बनाना, शत्रुओं के खिलाफ़ यरूशलेम को दृढ़ करने का एकमात्र उपाय था।

जैसे-जैसे जुलूस आगे बढ़ा, कुछ अप्रत्याशित विलंब हुआ। लेवी उज्जा ने संदूक को छुआ, और परमेश्वर ने उसे मार डाला। परमेश्वर की प्रतिक्रिया बहुत क्रूर लग सकती है, जब तक कि हमें एहसास नहीं होता कि लेवियों ने पवित्र संदूक के संबंध में मूसा की व्यवस्था की अवहेलना की थी। 6:3 के अनुसार, वे "परमेश्वर का सन्दूक एक नई गाड़ी पर चढ़ाकर" ले जाने लगे, बहुत कुछ जैसे पलिश्तियों ने वर्षों पहले किया था जब उन्होंने संदूक को इस्राएलियों को लौटाया। जैसा कि मूसा ने निर्गमन 25:12-14 और गिनती 7:9 में आदेश दिया था, लेवियों ने संदूक को डण्डों पर नहीं उठाया। और इससे भी अधिक, जब इस पवित्र जुलूस में उज्जा ने संदूक को हाथ लगाया, तो उसने वह दण्ड पाया जिसे परमेश्वर ने स्पष्ट रूप से गिनती 4:15 में इस उल्लंघन के लिए घोषित किया था।

अक्सर कई बार, इस हादसे के लिए व्याख्याकार दाऊद को दोषी ठहराने की प्रवृति रखते हैं, लेकिन शमूएल के लेखक का एक अलग ध्यान-केंद्रण था। आपको याद होगा कि शमूएल के इस हिस्से में, हमारे लेखक ने लगातार इस बात पर जोर दिया कि परमेश्वर ने इस समय के दौरान दाऊद की विश्वासयोग्यता के जवाब में इस्राएल को आशीषित किया। इसलिए, इस बात की संभावना नहीं है कि इस परिदृश्य में उसने दाऊद की भक्तिहीनता को उजागर किया होता। इसके विपरीत, उसने जिम्मेदारी का पूरा भार लेवियों पर डाला। जैसा कि 1 शमूएल 6:19 संकेत देता है, कि बेतशेमेश में पहले लेवियों ने संदूक को मूसा की व्यवस्था के अनुसार नहीं संभाला था। और इन कई वर्षों बाद, उन्होंने परमेश्वर की व्यवस्था की *फिर* अवहेलना की। शायद, जब दाऊद ने 30,000 से अधिक लोगों के इस बड़े जुलूस का नेतृत्व किया, तो जो लेवियों ने किया उस पर उसने ध्यान नहीं दिया था।

फिर भी, 6:8 में, जब परमेश्वर का दण्ड उज्जा के खिलाफ आया, तब "दाऊद अप्रसन्न हुआ," — शायद लेवियों पर — "इसलिये कि यहोवा उज्जा पर टूट पड़ा था।" और पद 9 के अनुसार, "और उस

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

दिन दाऊद यहोवा से डरकर" — या भय मानकर — "कहने लगा।" उसने तीन महीने के लिए संदूक को ओबेदेदोम के घर में भेजकर लेवियों के पापों को तुरंत स्वीकार कर लिया।

जब दाऊद ने सुना कि परमेश्वर ने ओबेदेदोम के घराने को आशीषित किया, तो उसने फिर से जुलूस निकाला। 6:13 के अनुसार, इस बार लेवियों ने "यहोवा के संदूक" को "उठाया" — या ऊपर उठाया। यहाँ हमारे लेखक ने इब्रानी शब्द *नासा* का प्रयोग किया (נָשָׂא) — यह वही शब्द है जो मूसा की व्यवस्था में संदूक को डण्डों के माध्यम से उठाने के लिए प्रकट होता है, जैसा कि परमेश्वर ने आज्ञा दी थी। और इससे भी अधिक, हमारे लेखक ने पद 13 में जोड़ा, कि "जब यहोवा का सन्दूक उठानेवाले छः कदम चल चुके, तब दाऊद ने एक बैल और एक पाला पोसा हुआ बछड़ा बलि कराया।" 14, 15 पदों में, हम पढ़ते हैं कि जुलूस जय जयकार करते, नरसिंगा फूँकते और नाचते हुए आगे बढ़ा। और अंत में जब संदूक यरूशलेम पहुँचा, तो दाऊद ने होमबलि और मेलबलि चढ़ा कर परमेश्वर के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। एक बार फिर, जोर देने के लिए, जिस सैन्य सुरक्षा को संदूक ने प्रदान किया, हमारे लेखक ने पद 18 में बताया कि "[दाऊद] ने सेनाओं के यहोवा — स्वर्ग की सेनाओं के यहोवा — के नाम से प्रजा को आशीर्वाद दिया।" और परमेश्वर के प्रति दाऊद की भक्ति के परिणामस्वरूप, परमेश्वर ने यरूशलेम को उसके शत्रुओं के खिलाफ सुरक्षा देकर दाऊद को आशीषित किया।

परमेश्वर के प्रति दाऊद की विनम्र भक्ति को उजागर करने के लिए, हमारे लेखक ने एक छोटा दृष्य भी जोड़ा, जिसमें मीकल, शाऊल की बेटी ने उसे शर्मसार करने की कोशिश की, जब दाऊद एक विनम्र याजकीय एपोद धारण कर यहोवा के सामने नाचा। लेकिन पद 21 में प्रत्युत्तर देने के द्वारा दाऊद ने उसकी राजशाही पर परमेश्वर की आशीष को स्वीकार किया, "यहोवा, जिसने तेरे पिता और उसके समस्त घराने के बदले मुझ को चुनकर अपनी प्रजा इस्राएल का प्रधान होने को ठहरा दिया है, ... मैं यहोवा के सम्मुख इसी प्रकार नाचा करूँगा।" मिकल के विपरीत, दाऊद परमेश्वर के सामने विनम्र था और अपने शाही नगर की सुरक्षा की आशीष के लिए पूरे दिल से आभारी था।

राजवंश की स्थापना (2 शमूएल 7:1-29)। दाऊद की शुरूआती उपलब्धियों का वर्णन करने के बाद, हम यरूशलेम में उसके समय के दूसरे प्रमुख प्रकरण पर आते हैं: 7:1-29 में दाऊद के राजवंश की स्थापना। ये घटनाएं — जिनमें दाऊद, नातन नबी, और परमेश्वर के बीच वार्तालाप शामिल है — जब परमेश्वर ने दाऊद को उसके शत्रुओं से आराम दे दिया था, तब बाद में घटित हुईं।

इस प्रसिद्ध कहानी में, दाऊद को पता चला कि वह परमेश्वर के लिए एक मंदिर नहीं बनाएगा। हमारे आधुनिक दृष्टिकोण से, यह बहुत महत्वपूर्ण नहीं लग सकता है। लेकिन उन प्राचीन इस्राएलियों के लिए जिन्होंने पहले शमूएल की पुस्तक को प्राप्त किया, इस तथ्य ने कि दाऊद ने *कभी भी* मंदिर नहीं बनाया, उसके बारे में प्रश्न खड़े किए। पुराने नियम के समयों में, इस्राएल और इस्राएल से बाहर, यह व्यापक रूप से माना जाता था कि सभी महान राजाओं ने अपने देवताओं के लिए मंदिर बनाए थे। प्राचीन मध्य-पूर्व से शाही शिलालेखों ने बार-बार मंदिरों के निर्माण को एक महान राजा की निशानी के रूप में सूचीबद्ध किया। इस मुद्दे से निपटने के लिए, शमूएल के लेखक ने समझाया कि परमेश्वर के लिए घर का निर्माण करने के लिए दाऊद तैयार और इच्छुक था। लेकिन दाऊद ने ऐसा नहीं किया क्योंकि परमेश्वर ने पहले *उसके लिए* एक स्थायी राजवंश, एक घराना बनाने के द्वारा दाऊद को महिमान्वित करने का निश्चय किया। और परमेश्वर के निर्देशों के विनम्र समर्पण में, दाऊद ने परमेश्वर के लिए एक घर, या मंदिर का निर्माण करने हेतु अपने पुत्र के लिए मार्ग को तैयार करने में स्वयं को समर्पित कर दिया।

दाऊद के राजवंश की स्थापना को बताने वाला वृत्तान्त तीन भागों में विभाजित होता है। 7:1-3 में, पहला भाग, दाऊद और परमेश्वर के भविष्यद्वक्ता नातान के बीच एक संक्षिप्त बातचीत को प्रस्तुत करता है। दाऊद परमेश्वर के लिए एक मंदिर का निर्माण कर परमेश्वर को सम्मानित करना चाहता था। लेकिन इससे पहले कि वह अपना काम शुरू करता, दाऊद ने नातान से स्वीकृति माँगने के द्वारा परमेश्वर के प्रति अपनी निष्ठा दिखाई। अब, दोनों दाऊद और नातान जानते थे कि महान राजाओं ने अपने देवताओं के लिए

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

मंदिरों को बनाया। इसलिए, नातान ने पद 3 में स्वाभाविक रूप से उत्तर दिया, "जो कुछ तेरे मन में हो उसे कर; क्योंकि यहोवा तेरे संग है।"

लेकिन अगले भाग पद 4-16 में, हम एक अप्रत्याशित बातचीत देखते हैं जो उसी रात परमेश्वर और नातान के बीच होती है। इस पूरी बातचीत के दौरान, परमेश्वर के वचनों ने इब्रानी शब्द *बईत* (בַּיִת), आमतौर पर जिसका अनुवाद "घर" है इसके दो अलग-अलग अर्थों को दिया। सबसे पहले, 5-7 पदों में, परमेश्वर ने नातान को प्रकट किया कि दाऊद को उसके लिए एक "घर" —अर्थात एक मंदिर— का निर्माण नहीं करना है। इसके विपरीत, 8-16 पदों में, परमेश्वर ने घोषित किया कि वह दाऊद के लिए एक "घर" — अर्थात एक स्थायी राजवंश — बनाने के द्वारा दाऊद को सम्मानित करने जा रहा है। परमेश्वर ने आगे बताया कि दाऊद का पुत्र, न कि दाऊद, मंदिर का निर्माण करेगा। और परमेश्वर उस शाही "घर" को सर्वदा के लिए बनाए रखेगा, जो दाऊद के पुत्र से वंशज होगा।

> जब दाऊद ने यहोवा के लिए एक घर, एक मंदिर का निर्माण करने का प्रस्ताव नातान भविष्यद्वक्ता को दिया, तो नातान ने वापस आकर कहा, "तू यहोवा के लिए घर नहीं बनाने जा रहा है; यहोवा तेरे लिए घर बनाने जा रहा है।" और "घर" से, उसका अर्थ राजवंश था; यह 2 शमूएल 7 में है। और यह भविष्यवाणी — कि परमेश्वर उसके लिए घर बनाएगा, उसके राज्य को सर्वदा के लिए स्थापित करेगा, कि उसका वंशज सर्वदा के लिए दाऊद के सिंहासन पर राज करेगा — उसके बाद आने वाले मसीहा की भविष्यवाणियों की नींव बन गई। और इस तरह, जब भविष्यद्वक्ताओं ने पतन के बाद संदर्भित किया, विशेषकर, दाऊद के राजवंश, दाऊद के राज्य का, जब उन्होंने पीछे संदर्भित किया और उस आशा के साथ आगे की ओर देखा कि परमेश्वर दाऊद के राजवंश की महिमा को पुनः-स्थापित करेगा, ऐसा दाऊद के वंशजों के माध्यम से होगा कि परमेश्वर एक राजा को खड़ा करेगा।
>
> — डॉ. मार्क एल. स्ट्रॉस

2 शमूएल 7:14-15 में, परमेश्वर ने नातान से कहा:

> मैं [दाऊद] का पिता ठहरूँगा, और वह मेरा पुत्र ठहरेगा। यदि वह अधर्म करे, तो मैं उसे मनुष्यों के योग्य दण्ड से, ... ताड़ना दूँगा। परन्तु मेरी करुणा उस पर से ऐसे न हटेगी, जैसे मैं ने शाऊल पर से हटा ली थी (2 शमूएल 7:14-15)।

अब यह अनुच्छेद "वाचा" शब्द — इब्रानी में *बेरित* (בְּרִית) का उपयोग नहीं करता है। फिर भी, इसमें स्पष्ट रूप से 2 शमूएल 23:1-7 और भजन 89, 132 जैसे अनुच्छेदों में दाऊद के साथ परमेश्वर की वाचा से जुड़े सभी तत्व शामिल हैं।

परमेश्वर ने इस्राएल के स्थायी राजवंश के रूप में दाऊद के शाही वंशजों को स्थापित करने के द्वारा दाऊद के प्रति दिव्य परोपकारिता को दिखाया। और बाइबल में अन्य सभी दिव्य वाचाओं के समान, परमेश्वर ने कृतज्ञतापूर्ण मानवीय निष्ठा की माँग की — दाऊद के पुत्रों से पूरे दिल से आज्ञाकारिता। इसके अतिरिक्त, यदि दाऊद और उसका वंशज आज्ञा मानते हैं तो उनको परमेश्वर से आशीषों का प्रतिफल प्राप्त होगा, लेकिन, यदि वे उसके खिलाफ विद्रोह करते हैं तो उन्हे अभिशाप का सामना करना होगा। विशेष रूप से, परमेश्वर अन्य मनुष्यों के माध्यम से उनको हानि पहुंचाएगा। विभाजित राजशाही और बेबीलोन की बंधुवाई के दौरान दाऊद के घराने के दुःख भरे इतिहास ने दिखाया कि कैसे परमेश्वर ने दाऊद के घर पर इन अभिशापों को डाला। लेकिन, फिर भी, परमेश्वर ने प्रतिज्ञा की, कि चाहे दाऊद के पुत्र

परमेश्वर के खिलाफ कितना भी विद्रोह करे, वह दाऊद के राजवंश को कभी भी पूरी रीति से न त्यागेगा, जैसा उसने शाऊल को त्याग दिया था। जैसा कि परमेश्वर ने 7:16 में दाऊद से कहा:

> तेरा घराना और तेरा राज्य मेरे सामने सदा अटल बना रहेगा (2 शमूएल 7:16)।

2 शमूएल 7 में दाऊद के साथ परमेश्वर ने जो वाचा बाँधी, वह मूल श्रोताओं के लिए प्रस्तुत शमूएल के लेखक के ईश्वरीय-ज्ञान के दृष्टिकोण के लिए महत्वपूर्ण थी। परमेश्वर ने दाऊद के घराने से कृतज्ञतापूर्ण निष्ठा की माँग की, और जब उन्होंने पाप किया तो उसने दाऊद और उसके शाही वंशजों को अनुशासित किया। लेकिन यह अनुशासन चाहे कितना भी गंभीर हो, परमेश्वर दाऊद के घराने को किसी अन्य के साथ प्रतिस्थापित नहीं करेगा। और इस कारण से, इस्राएल के पास भविष्य में महिमामय राज्य के लिए एकमात्र आशा दाऊद के घराने के धर्मी शासन में थी।

यरूशलेम में दाऊद के राजवंश की स्थापना में तीसरा भाग 7:17-29 में, दाऊद और नातान के बीच दूसरी बातचीत को बताता है। नातान ने दाऊद को परमेश्वर का प्रकाशन बताया, और दाऊद ने प्रार्थना में परमेश्वर के सामने झुककर परमेश्वर के प्रति अपनी निष्ठा की गहनता को प्रदर्शित किया। दाऊद की प्रार्थना ने स्वीकार किया कि उसके घराने का स्थायीत्व उसके लिए और इस्राएल के लिए एक आशीष थी। और उसने यह भी स्वीकार किया कि इस आशीष ने पृथ्वी पर प्रत्येक राष्ट्र के भविष्य को प्रभावित किया। जैसा कि उसने पद 19 में कहा, “हे प्रभु यहोवा, यह तो मनुष्य का नियम है।”

आपको याद होगा कि, 1 शमूएल 2:10 में, हन्ना ने गाया कि इस्राएल के राजा के बल और विजय के माध्यम से परमेश्वर का राज्य एक दिन पूरे संसार में फैल जाएगा। दाऊद के राजवंश की स्थापना पूरे संसार के लिए एक आशा थी। और इस कारण से, दाऊद ने परमेश्वर से सिर्फ एक निवेदन किया। 2 शमूएल 7:29 में उसने प्रार्थना की, “तो अब प्रसन्न होकर अपने दास के घराने पर ऐसी आशीष दे, कि वह तेरे सम्मुख सदैव बना रहे।”

इससे आगे की उपलब्धियाँ (8:1–9:13)। यह बताने के बाद कि परमेश्वर ने दाऊद को यरूशलेम में उसकी शुरूआती उपलब्धियों मे और उसके राजवंश की स्थापना में कैसे आशीषित किया, हमारे लेखक का वृत्तांत, 8:1–9:13 में, दाऊद की आगे वाली उपलब्धियों में परमेश्वर की आशीषों के साथ समाप्त होता है। दाऊद की आगे की उपलब्धियों का रिकॉर्ड दो हिस्सों में विभाजित होता है। पहला भाग, 8:1-14 में, दाऊद की अतिरिक्त जीत का एक सारांश देता है। इन पदों में कई रिपोर्ट शामिल हैं जो हमें यरूशलेम से हर दिशा में ले जाती हैं। वे पश्चिम में पलिश्तियों पर, पूर्व में मोआबियों पर, उत्तर में गलील से परे लोगों पर, और दक्षिण में एदोमियों पर दाऊद की जीत को बताते हैं। इन युद्धों के दौरान परमेश्वर की आराधना के लिए दाऊद की भक्ति पर हमारे लेखक ने फिर से प्रकाश डाला। पद 11 के अनुसार, जब उसने अपने शत्रुओं से लूट को जीता, “इनको दाऊद राजा ने यहोवा के लिए पवित्र करके रखा; और वैसा ही अपने जीती हुई सब जातियों के सोने चाँदी से भी किया।”

दाऊद के लिए परमेश्वर की आशीषों की ओर और ध्यान आकर्षित करने के लिए, हमारे लेखक ने पद 6, 14 में टिप्पणी की कि “और जहाँ जहाँ दाऊद जाता था वहाँ वहाँ यहोवा उसको जयवन्त करता था।” पद 2, 6 और 14 में, उसने यह भी लिखा कि परमेश्वर ने दाऊद के शासन को फैलाया जब इनमें से कई शत्रु उसके अधीन हो गए। और पद 2, 7, 8 और 11 के अनुसार, परमेश्वर ने दाऊद को बहुत धन-दौलत से भी आशीषित किया।

दाऊद की जीत के इस सारांश के बाद, हमारा लेखक फिर दाऊद की आगे की उपलब्धियों के दूसरे हिस्से की ओर मुड़ा: 8:15–9:13 में उसके राज्य का प्रशासन। यह हिस्सा 8:15-18 में पहले यह सारांशित करता है कि कैसे दाऊद ने शाही अधिकार का कार्यान्वयन करने के लिए मूसा की आज्ञाओं का पालन किया। जैसे कि हमारा लेखक इसे पद 15 में कहता है, “दाऊद अपनी समस्त प्रजा के साथ न्याय और धर्म के काम करता था।”

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

उस तरीके को उजागर करने के लिए जिसमें दाऊद ने न्याय और धर्म के साथ शासन किया, हमारे लेखक ने 9:1-13 में मपीबोशेत के साथ दाऊद के व्यवहार के विषय में लिखा। मपीबोशेत योनातन के द्वारा शाऊल का पोता था। इस तरह, यह कहानी शाऊल के समर्थकों और शाऊल के घराने के प्रति दाऊद की दयालुता को फिर से याद करती है, जब दाऊद ने हेब्रोन में राज्य किया था। यह हमें निष्ठा की उस शपथ की भी याद दिलाती है जिसे दाऊद और योनातन 1 शमूएल 20:42 में एक दूसरे को दिलाते हैं। यह कहानी 9:1 में दाऊद द्वारा यह पूछने के द्वारा, कार्य की शुरूआत करने के साथ आरंभ होती है कि, "क्या शाऊल के घराने में से कोई अब तक बचा है, जिसको मैं योनातान के कारण प्रीति दिखाऊँ?" और दाऊद ने इस्राएल का राजा होने के नाते बहुत बड़ी "करुणा" या "विश्वासयोग्यता" दिखाई — इब्रानी में *खेसेद* (חֶסֶד)। मपीबोशेत गंभीर रूप से विकलांग था, और इस समय पर, विकलांग लोगों से अक्सर शर्मनाक व्यवहार किया जाता था। लेकिन दाऊद ने मपीबोशेत का सम्मान के पद पर अपने शाही राजमहल में रहने के लिए विनम्रता से आमंत्रित करने के द्वारा दिखाया कि वह किस प्रकार का राजा है।

हमने आशीषों वाले दाऊद के पहले वर्षों की संरचना एवं विषयवस्तु का पता लगा लिया है। अब हमें इन अध्यायों के मसीही अनुप्रयोग पर कुछ टिप्पणी करनी चाहिए। दाऊद के शासनकाल के इस भाग में परमेश्वर की आशीषें हमारे जीवनों पर आज कैसे लागू होती हैं?

मसीही अनुप्रयोग

जब हम परमेश्वर द्वारा आशीषित दाऊद के पहले के वर्षों के दौरान हुई घटनाओं की बारीकियों पर ध्यान देते हैं, तो यह एहसास करना सहज है कि इन अध्यायों का हमारे साथ बहुत कम संबंध है। सतह पर, दाऊद की परिस्थितियाँ आज हमारे द्वारा अनुभव की गई किसी भी बात से बहुत अलग है। हम में से कुछ ही लोग हेब्रोन में रहते हैं; हम में से कुछ ही लोग यरूशलेम में रहते हैं; और हम सभी एक अलग युग में रहते हैं। फिर भी, पवित्र आत्मा ने इस पवित्र शास्त्र को सभी युगों में परमेश्वर के लोगों को सिखाने के लिए प्रेरित किया। इसलिए, मसीह के अनुयायियों के रूप में हम इन अध्यायों से क्या सीखते हैं?

हर बार की तरह, इस भाग के मसीही अनुप्रयोग को देखने के कई तरीके हैं, इतने अधिक कि इस अध्याय में समय इसकी अनुमति नहीं देगा। लेकिन, जैसा कि हमारे पहले के अध्याय में, हमारे लेखक की दो महत्वपूर्ण बातें आशीषों वाले दाऊद के पहले के वर्षों और मसीह में हमारे जीवनों के बीच संबंध की रेखाओं को बनाने में हमें सक्षम बनाते हैं। हम सबसे पहले परमेश्वर की वाचाओं पर हमारे लेखक के जोर पर, और फिर परमेश्वर के राज्य पर उसके जोर पर ध्यान देंगे। आइए परमेश्वर की वाचाओं के साथ शुरू करें।

परमेश्वर की वाचाएँ

जैसा कि हमने देखा, ये अध्याय दाऊद के जीवन में इस चरण पर परमेश्वर की वाचाओं की गतिशीलताओं की ओर बार-बार ध्यान आकर्षित करते हैं। परमेश्वर ने दाऊद के माध्यम से दाऊद और इस्राएल को अपनी परोपकारिता दिखाना जारी रखा। और, क्योंकि हमारे लेखक ने दाऊद के शासनकाल के इस भाग में उसको आदर्श बनाया, उसने सिर्फ यह बताया कि दाऊद ने निष्ठावान होने की परमेश्वर के मानकों, विशेषकर आराधना के लिए और राजाओं के शासन के लिए मूसा के नियमों को कैसे पूरा किया। हमारी पुस्तक के इस भाग में सबसे बड़ी आशीष वह वाचा थी जिसे परमेश्वर ने दाऊद के साथ बाँधी। इस वाचा में, परमेश्वर ने दाऊद के लिए एक स्थायी राजवंश की प्रतिज्ञा की।

इन तत्वों ने मूल श्रोताओं को जब वे दाऊद के साथ परमेश्वर की वाचा वाले युग में रहते थे, तो परमेश्वर के साथ उनके पारस्परिक व्यवहार में अंतर्दृष्टि प्रदान की। उन्होंने दिव्य परोपकारिता के उन प्रकारों को प्रकट किया जिन्हें परमेश्वर ने उनके दिनों में दाऊद के घराने और प्रत्येक इस्राएली को दिखाए थे। इन तत्वों ने निष्ठावान के उन तरीकों की ओर संकेत दिया जिनकी माँग परमेश्वर ने इस्राएल और

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

इस्राएल के राजाओं से की थी और आशीषें तभी आएंगी जब वे परमेश्वर के प्रति विश्वासयोग्य सेवा प्रदान करेंगे।

मसीह के अनुयायियों के रूप में, हमें नए नियम की शिक्षाओं के प्रकाश में दाऊद के जीवन में इस क्षण पर परमेश्वर की वाचा की गतिशीलताओं को लागू करने के लिए सावधान रहना चाहिए। पहले स्थान पर, दाऊद की आशीषों के पहले वाले वर्षों को हमारे हृदयों को, मसीह में परमेश्वर की परोपकारिता की ओर मोड़ना चाहिए। हमें परमेश्वर के प्रति मसीह की सिद्ध निष्ठा के लिए उसका सम्मान करना और उन अनंत आशीषों को जिन्हें मसीह ने अपनी विश्वासयोग्यता के कारण पिता से प्राप्त किया स्वीकार करना चाहिए। लेकिन दूसरे स्थान पर, आराधना के लिए दाऊद की विश्वासयोग्य भक्ति और न्याय एवं धर्म का उसका शासन उन तरीकों की ओर संकेत करता है जिनमें हमें भी मसीह में परमेश्वर की वाचा का पालन करना चाहिए। दाऊद ने अपनी विश्वासयोग्यता के कारण कई आशीषों को प्राप्त किया। और हम निश्चिन्त हो सकते हैं कि, मसीह में, परमेश्वर की बुद्धि के अनुसार, पवित्र आत्मा हमें भी हमारी विश्वासयोग्य सेवा के लिए आशीषित करेगा।

अब, दाऊद के जीवन के इस भाग में परमेश्वर की वाचाओं की गतिशीलताएं कैसे उजागर हुई, इस पर ध्यान देना मूल्यवान है, फिर भी इन अध्यायों के मसीही अनुप्रयोग को मसीह में परमेश्वर के राज्य की ओर भी हमारा ध्यान आकर्षित करना चाहिए।

परमेश्वर का राज्य

> जब हम पुराना नियम देखते हैं, तो हम देखते हैं कि पुराने नियम में परमेश्वर के राज्य के विषय में कम से कम दोगुना जोर है। एक ओर, पुराना नियम सिखाता है कि परमेश्वर हमेशा से राजा रहा है। इस अर्थ में, वह अनंतकाल से राजा है। वह भूतकाल में राजा था, वह वर्तमान में राजा है, और वह हमेशा राजा रहेगा। लेकिन एक दूसरे अर्थ में, पुराने नियम में हमारे पास दूसरा जोर यह संदेश हैं कि परमेश्वर एक दिन पृथ्वी पर शासन करने के लिए आएगा। और यह इस तथ्य के कारण है कि जब परमेश्वर ने संसार की रचना की, तो उसके मन में एक उद्देश्य था। वह चाहता था कि संसार उसके राजमहल के रूप में काम करे। वह स्वर्ग के अपने राज्य को पृथ्वी पर लाना चाहता था ... यीशु का भी यही उपदेश है। वह हमें "हे हमारे पिता" में बताता है, वह प्रार्थना जो उसने हमें करना सिखाया: "हे हमारे पिता तू जो स्वर्ग में है, तेरा नाम पवित्र माना जाए। तेरा राज्य आए।" वह यह नहीं कहता कि, "हमें अपने राज्य में ले जा," बल्कि वह कहता है, "तेरा राज्य आए।" इसका अर्थ है कि, उसकी सेवकाई में, हमारे प्रभु यीशु की अपने पिता के समान ही प्राथमिकता थी, कहने का अर्थ यह है कि उसके स्वर्ग के राज्य को पृथ्वी पर लाना। यह लंबी ऐतिहासिक प्रक्रिया अपने अंतिम चरण को सटीक रूप से हमारे प्रभु यीशु मसीह की सेवकाई में पाती है।
>
> — डॉ. डेविड कोरया, अनुवादित

शमूएल की पुस्तक के इस भाग में, परमेश्वर ने अपने राज्य को कई महत्वपूर्ण तरीकों में दाऊद के माध्यम से आगे बढ़ाया:

- पूरा इस्राएल दाऊद के शासन के तहत एक हो गया;
- दाऊद ने परमेश्वर के शत्रुओं को हराया और यरूशलेम को पृथ्वी पर परमेश्वर के राज्य की राजधानी के रूप में स्थापित किया;

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

- दाऊद ने परमेश्वर के शासन की सीमाओं को शाऊल के राज्य से आगे बढ़ाया और, ऐसा करने में, और अन्यजातियों को परमेश्वर की राज्य में शामिल किया;
- दाऊद ने न्याय और धर्म के साथ राज्य किया; और
- इस्राएल ने एक आशाजनक, स्थायी शाही राजवंश की स्थिरता को प्राप्त किया।

शमूएल के लेखक ने अपने मूल श्रोताओं को आशा देने के लिए परमेश्वर के राज्य के इन विकासों पर प्रकाश डाला — वह आशा कि दाऊद के घराने के धर्मी शासन के माध्यम से, परमेश्वर भविष्य में और भी बड़े कामों को पूरा करेगा।

इसी तरह, परमेश्वर के राज्य पर नए नियम का जोर, दाऊद के पूर्णतः धर्मी पुत्र के रूप में यीशु की ओर संकेत करता है जो दाऊद की उपलब्धियों को उनकी परिपूर्णता तक लाएगा। फिर भी, जैसे कि हमने इस पूरी श्रृंखला में उल्लेख किया है, मसीह तीन चरणों में इस भूमिका को अदा करता है: अपने पहले आगमन के दौरान अपने राज्य के उद्घाटन में, संपूर्ण कलीसियाई इतिहास में अपने राज्य की निरंतरता में, और जब वह महिमा में लौटता है तो अपने राज्य की परिपूर्णता में।

इस कारण से, आशीषों वाले दाऊद के पहले वर्षों की कहानियों को हमारे हृदयों को अपने राज्य के उद्घाटन में यीशु द्वारा पूर्ण की गई इससे भी बड़ी चीज़ों की ओर मोड़ना चाहिए। जिस प्रकार दाऊद ने परमेश्वर के लोगों को एकजुट किया, वैसे ही यीशु ने इस्राएल के उत्तर और दक्षिण से विश्वासयोग्य शेष लोगों को अपने शासन के तहत एकजुट किया। जैसे दाऊद ने अपने शत्रुओं को पराजित किया, वैसे ही यीशु ने बुराई को अपनी मृत्यु, पुनरुत्थान एवं स्वर्गारोहण में पराजित किया। जैसे दाऊद ने यरूशलेम में राज्य किया, वैसे ही यीशु ने दाऊद के नगर में अपना सबसे महान कार्य किया और स्वर्ग में दाऊद के सिंहासन पर अपने अधिकृत स्थान को ग्रहण किया। इसके अतिरिक्त, यीशु ने दाऊद के राज्य से आगे परमेश्वर के राज्य की सीमाओं को फैलाने का कार्य अपने प्रेरितों को सौंपा। इस फैलाव के माध्यम से यीशु ने उस पर विश्वास लाने के लिए अन्यजाति के अनेक लोगों के लिए मार्ग खोला। और दाऊद के अंतिम महान पुत्र के रूप में, यीशु ने पूर्ण न्याय और धर्म के अपने अनंत शासन को शुरू किया।

इसके अलावा, ये अध्याय इस बात पर विचार करने के लिए हम से आह्वान करते हैं कि कैसे अपने राज्य की निरंतरता में मसीह ने दाऊद की उपलब्धियों को प्रतिस्थापित किया। कलीसिया के इतिहास के दौरान, यीशु ने अधिक से अधिक लोगों को अपने पास खींचा। वह अपने शत्रुओं पर न्याय और उन सभी पर जो उस पर भरोसा रखते हैं उद्धार की आशीषें देना जारी रखता है। दो हजार से अधिक वर्षों के लिए, यीशु ने परमेश्वर के राज्य का आगे और आगे तक विस्तार किया है। और वह संसार भर में अपने अनुयायियों के लिए बेजोड़ न्याय और धर्म के साथ राज्य करता है।

अंत में, जैसे दाऊद की उपलब्धियों ने मूल श्रोताओं को भविष्य की ओर मोड़ा, वे अब हमारे हृदयों को उस बात की ओर मोड़ते हैं जिसे मसीह हमारे युग की परिपूर्णता के समय पूरा करेगा। जब मसीह वापस आएगा, तो वह अपने सभी लोगों को अपने धर्मी शासन के तहत एकजुट करेगा। वह परमेश्वर के सभी आत्मिक एवं शारीरिक शत्रुओं को पूरी तरह से पराजित करेगा और उन लोगों पर अनंत आशीषों को उँडेलेगा जो उसके राज्य में रहेंगे। जब परमेश्वर के राज्य की सीमाएं पूरे संसार को आवृत करने के लिए विस्तारित होती हैं, तो नया यरूशलेम नई सृष्टि के केंद्र-बिंदु के रूप में उतरेगा। और यीशु सार्वभौमिक न्याय और धर्म के साथ पूरे संसार भर में सर्वदा के लिए शासन करेगा।

इस तरह, जब हम नए नियम की शिक्षाओं का पालन करते हैं, तो हम अपने लिए आशीषों वाले दाऊद के पहले वर्षों की प्रासंगिकता को देख सकते हैं। इन वर्षों ने इससे भी अधिक महान उन चमत्कारों की आशा दी जिन्हें मसीह अपने पहले आगमन में परमेश्वर के राज्य के लिए पूरा करेगा। वे हमें उन बातों से और अधिक पूर्ण रीति से अवगत कराते हैं जिन्हें मसीह ने हमारे अपने समय तक करना जारी रखा है। और वे हमें आगे की ओर देखने में मदद करते हैं जिन्हें वह अपनी महिमामय वापसी के समय पर करेगा।

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

अभी तक, हमने देखा कि कैसे शमूएल के लेखक ने परमेश्वर से आश्चर्यजनक आशीषों वाले दाऊद के पहले वर्षों के साथ, राजा दाऊद के अपने विवरण की शुरूआत की। अब, आइए 2 शमूएल 10–20 में परमेश्वर की ओर से दाऊद को मिले अभिशापों वाले बाद के वर्षों को देखें।

बाद के अभिशाप

जब परमेश्वर ने 2 शमूएल 7 में दाऊद के साथ वाचा बाँधी, तो जैसे उसने शाऊल के साथ व्यवहार किया था, उसकी तुलना में दाऊद और उसके परिवार से अलग रीति से व्यवहार करने की प्रतिज्ञा की। आपको याद होगा कि, अंत में, परमेश्वर ने इस्राएल के सिंहासन से शाऊल और उसके वंशजों को पूरी तरह से त्याग दिया था। लेकिन दाऊद के साथ अपनी वाचा में, परमेश्वर ने दाऊद को आश्वस्त किया कि इस्राएल के स्थायी राजवंश के रूप में, वह उसके परिवार को कभी भी पूरी रीति से न त्यागेगा। फिर भी, जैसा कि उसने शाऊल के साथ किया था, परमेश्वर ने दाऊद और उसके वंशजों को, यदि वे वाचा का उल्लंघन करते हैं तो अभिशापों के साथ अनुशासित करने की शपथ ली।

हमारी पुस्तक में इस बिंदु पर, शमूएल के लेखक ने इस बात पर ध्यान दिया कि कैसे दाऊद और उसके शाही वंशज कुछ भयानक ढंग से परमेश्वर के श्रापों तहत आए। और इस तरह की परेशानियाँ मूल श्रोताओं के दिनों में जारी रहीं। लेकिन शमूएल के लेखक ने यह भी संकेत दिया कि भले ही परमेश्वर ने दाऊद को श्राप दिया, फिर भी उसने उसे और उसके शाही वंश को संरक्षित किया। यह दाऊद के राजवंश के माध्यम से था कि परमेश्वर अपने राज्य को इसके भव्य विश्वयापी भविष्य की ओर अग्रसर करेगा।

हम अपने सामान्य तरीके से, परमेश्वर द्वारा शापित दाऊद के बाद के वर्षों को देखेंगे। हम सबसे पहले इनकी संरचना और विषयवस्तु की जाँच करने के द्वारा इन अध्यायों के मूल अर्थों की जाँच करेंगे। फिर हम इनके मसीही अनुप्रयोग को देखेंगे। आइए, परमेश्वर की ओर से दाऊद को मिले बाद वाले अभिशापों की संरचना एवं विषयवस्तु के साथ शुरू करें।

संरचना और विषयवस्तु

हमारी पुस्तक के इस भाग के लिए एक अभिविन्यास प्रदान करने हेतु, हमें इस बात के लिए एक पूर्वावलोकन देना चाहिए कि हम क्या देखने जा रहे हैं। एक बार फिर, परमेश्वर के राज्य और उसकी वाचा पर हमारे लेखक के दृष्टिकोण इन अध्यायों को रेखांकित करते हैं। लेकिन यहाँ, हमारे लेखक ने दोनों विषयों के साथ उन तरीकों में कार्य किया, जिन्हें हमने शमूएल की पुस्तक में पहले नहीं देखा था।

एक ओर, शमूएल के लेखक ने खुले तौर पर स्वीकार किया कि दाऊद के शासन के इन वर्षों में परमेश्वर के राज्य ने गंभीर असफलताओं का सामना किया। दाऊद के शुरूआती वर्षों के दौरान महान उपलब्धियों का तीव्र दौर समाप्त हो गया, और परिणामस्वरूप कष्टों का समय आया। लेकिन इन असफलताओं के बावजूद, हमारा लेखक इस बात को समझाने में सावधान था कि दाऊद के घराने के माध्यम से परमेश्वर का राज्य समाप्त नहीं हुआ था। इसके विपरीत, उसने संकेत दिया कि कैसे परमेश्वर ने इस्राएल के स्थायी राजवंश के रूप में दाऊद और उसके घराने को दयापूर्वक बनाए रखा।

दूसरी ओर, हम यह भी देखने वाले हैं कि इन अध्यायों में दाऊद के राज्य में मिली-जुली परिस्थितियाँ परमेश्वर की वाचाओं की गतिशीलताओं से पैदा होती हैं। पहले के अध्यायों के समान, दिव्य परोपकारिता, परमेश्वर के लोगों के साथ उसके आपसी व्यवहार के प्रत्येक पहलू की विशेषता बना रहा। परमेश्वर ने मूसा की व्यवस्था के मानकों के अनुसार कृतज्ञतापूर्ण मानवीय निष्ठा की माँग को जारी रखा।

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

लेकिन ये अध्याय प्रकट करते हैं कि दाऊद और उसके घराने ने मूसा की व्यवस्था का खुल्लमखुला उल्लंघन किया। परिणामस्वरूप, परमेश्वर का अभिशाप न सिर्फ दाऊद और उसके घराने पर, बल्कि पूरे इस्राएल देश के ऊपर भी आया। फिर भी, शमूएल के लेखक ने सिर्फ परमेश्वर के अभिशापों की ही रिपोर्ट नहीं दी। उसने यह भी बताया कि कैसे दाऊद ने नम्र होकर अपने पापों से पश्चाताप किया, और परमेश्वर ने उसके राज्य को बनाए रखने के द्वारा दयालुतापूर्वक आशीषित किया।

> राजा बनने में अपने उदय के दौरान, राजा दाऊद एक ऐसे नौजवान के रूप में सामने आया जिसका अभिषेक किया गया था और जो यहोवा से प्रेम रखता था, इन सब को उसने उन कई तरीकों से दिखाया जिनमें उसने गीतों इत्यादि को लिखा। और एक बात जो सबसे अलग थी कि वह वास्तव में परमेश्वर के मन के अनुसार व्यक्ति था। और जैसे-जैसे वह उसमें बढ़ता रहा, यह उसके अभिषेक के लिए शाऊल के प्रतिरोध द्वारा उसकी परीक्षा होती रही और वह सब कुछ जो इस बात में उसके साथ जीवनभर होता रहा, और वह विश्वासयोग्य बना रहा। जब यह 2 शमूएल में आता है, जब वह राजा के रूप में स्थापित हो चुका है, फिर से, वह यहोवा के प्रति निष्ठावान एवं विश्वासयोग्य है, लेकिन कभी-कभी वह उन बातों में केंद्रित नहीं रहता है जो यहोवा ने उसे करने के लिए दिया है और यहोवा के समक्ष निष्कपट होने का क्या अर्थ है ... बातें बिगड़ जाती हैं; अब, वह यहोवा के प्रति विश्वासयोग्य रहा, वह यहोवा के पास वापस जाता रहा। हालांकि, एक बात, जिसे हम दाऊद के जीवन से सीखते हैं वह है कि यहाँ तक कि वह व्यक्ति भी जो परमेश्वर के मन के अनुसार है, सबसे बुरे संभावित पापपूर्ण कार्यों में गिर सकता है। और हमें इस बात को ध्यान में रखने और याद करने की आवश्यकता है कि हमें सावधान रहना है कि हम गिर न जाएं।
>
> — डॉ. रिचर्ड ई. ऐवरबेख

दाऊद के अभिशाप वाले बाद के वर्षों की संरचना एवं विषयवस्तु दो मुख्य भागों में विभाजित होती है। सबसे पहले, 10:1–12:31 में हम दाऊद के राज्य में शुरूआती परेशानियों को देखेंगे। दूसरा, हम उन आगे की परेशानियों पर विचार करेंगे जो 13:1–20:26 में, दाऊद के राज्य पर आईं। आइए पहले इन वर्षों के दौरान दाऊद की शुरूआती परेशानियों के विषय में हमारे लेखक के रिकॉर्ड को देखें।

शुरूआती परेशानियां (2 शमूएल 10:1–12:31)

मसीह के अनुयायियों के लिए सिर्फ बतशेबा के साथ दाऊद के पाप की कहानी के रूप में दाऊद की शुरूआती परेशानियों को सारांशित करना आम बात है। और हमारे लेखक ने 11:2–12:25 में दाऊद और बतशेबा के साथ सीधे तौर पर विचार किया। लेकिन यहाँ पर अपने लेखक के उद्देश्यों को समझने के लिए, हमें ध्यान देना चाहिए कि उसने अम्मोनियों के विद्रोह पर दाऊद की जीत के बारे में एक बड़े वृत्तांत के ढांचे के भीतर दाऊद और बतशेबा के अपने विवरण को शामिल किया।

शुरूआती जीत (2 शमूएल 10:1–11:1)। इस बड़े, व्यापक वृत्तांत का पहला भाग 10:1–11:1 में, अम्मोनियों द्वारा विद्रोह के ऊपर दाऊद की शुरूआती जीत के साथ प्रकट होता है। यह विवरण उस समाचार के प्रति दाऊद के कृपालु प्रत्युत्तर के साथ शुरू होता है कि अम्मोनियों का राजा — जो इस समय पर दाऊद के अधीन था — मर गया था। 10:2 में , दाऊद ने कहा, “जैसे हानून के पिता नाहाश ने मुझ को प्रीति दिखाई थी, वैसे ही मैं भी हानून को प्रीति दिखाऊँगा।” यहाँ हम दाऊद के धर्मी एवं न्यायी प्रशासन के एक दूसरे उदाहरण को देखते हैं। लेकिन दाऊद की दयालुता का स्वागत करने की बजाय, अम्मोनियों

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

ने दाऊद के दूतों पर जासूसी करने का झूठा आरोप लगाया और बेइज्ज़त कर दाऊद के पास वापस भेज दिया।

अब, अम्मोनियों को पता था कि उन्होंने दाऊद के प्रति अपनी अधीनता का उल्लंघन किया था, इसलिए उन्होंने इस्राएल के खिलाफ युद्ध करने के लिए बड़ी संख्या में अरामी लोगों के साथ गठबंधन बनाया। दाऊद के सेनापति, योआब, ने इस गठबंधन को बुरी तरह से हराया। अरामियों ने दाऊद के आगे आत्मसमर्पण कर दिया। और अम्मोनी लोग अपने गढ़वाले नगर रब्बा को भाग गए। दाऊद की शुरूआती जीत तब इस लेख के साथ समाप्त हुई कि, जब बसंत आया, दाऊद ने योआब को अम्मोनियों के नगर रब्बा की घेराबंदी के लिए भेजा, जबकि दाऊद यरूशलेम में रुक गया।

अंतिम जीत (2 शमूएल 12:26-31–11:1)। शमूएल के लेखक ने 12:26-31 में अम्मोनियों पर दाऊद की अंतिम जीत की ओर मुड़ने के द्वारा इस बड़े वृत्तांत के ढांचे को पूरा किया। कुछ समय के बाद, जब योआब ने शाही गढ़वाले नगर रब्बा पर कब्जा कर लिया था और नगर को लेने वाला था। उसने दाऊद को अपने साथ शामिल होने के लिए बुलाया ताकि दाऊद सही से स्वयं के लिए जीत का दावा कर सके। दाऊद और योआब ने उचित रीति से अम्मोनियों की व्यापक पराजय को पूरा किया। फिर दाऊद और उसकी सेना विजयी होकर यरूशलेम लौट आए।

वृहद वृत्तांत का यह ढांचा एक साथ इतनी सहजता से फिट बैठता है कि हमारे लेखक ने इसे अपने मौजूदा लिखित स्रोतों में से किसी एक से निकाला होगा। लेकिन उसने इसके बीच में दाऊद और बतशेबा की कहानी को डालने के द्वारा इस सकारात्मक जीत की कहानी को बदल दिया। 11:2–12:25 में, बीच में जोड़ी गई यह कहानी, एक महत्वपूर्ण तथ्य को पेश करती है। हालाँकि परमेश्वर ने इस समय के दौरान अम्मोनियों पर दाऊद को जीत दिलाई, लेकिन दाऊद के पाप के कारण उसने दाऊद और उसके घराने के खिलाफ अभिशाप भी दिया, और दाऊद के राज्य को एक के बाद एक नाकामियों का सामना करना पड़ा। फिर भी, जैसा कि यह कहानी भी प्रकट करती है, परमेश्वर ने दाऊद के सच्चे पश्चात्ताप के जवाब में दाऊद के राजवंश को बनाए रखा।

दाऊद और बतशेबा (2 शमूएल 11:2–12:25)। यह परिचित कहानी तीन प्रकरणों में विभाजित होती है। पहला प्रकरण 11:2-27 में दाऊद के पाप के साथ शुरू होता है। यह 11:1 में टिप्पणी के बाद आता है कि दाऊद ने उसके लिए दूसरों को युद्ध में भेजा था, जैसे कि हमारी पुस्तक में शाऊल ने पहले कई मौकों पर किया था। युद्ध से सुरक्षित रहते हुए, दाऊद ने अपने सेना के एक वफादार योद्धा, हित्ती उरिय्याह की पत्नी बतशेबा की जासूसी की। इस पूरी कहानी के दौरान, बतशेबा को एक निष्क्रिय एवं अधीन के रूप में दर्शाया गया है। दाऊद को, हालाँकि, अपने शाही अधिकार का बार-बार दुरुपयोग करते दिखाया गया है। सबसे पहले, उसने बतशेबा को अपने पास आने का आदेश दिया, और वह उसके साथ सोया। फिर, जब बतशेबा ने जाना कि वह गर्भवती है, दाऊद ने अपने पाप को ढांपने के प्रयास में उरिय्याह को युद्ध से लौटने का आदेश भेजा। जब इस चाल से काम नहीं बना, तो दाऊद ने युद्ध में उरिय्याह की मृत्यु सुनिश्चित करने के लिए योआब को आदेश दिया।

अब, उस समय में दूसरे राष्ट्रों के सांस्कृतिक मानदंडों के अनुसार, जो दाऊद ने किया था वह राजा के रूप में उसके अधिकारों के तहत था। इसके अलावा, उरिय्याह की मृत्यु के बाद बतशेबा को शोक की एक प्रथागत अवधि रखने देने के द्वारा दाऊद ने शिष्टाचार के उचित मानकों को निभाया। केवल तभी वह उसे अपनी पत्नी के रूप में शाही दरबार में लाया।

यह संभव था कि शमूएल के मूल श्रोता, एक राजा के लिए स्वीकार्य व्यवहार के रूप में, जो दाऊद ने किया था उसे क्षमा कर देते। लेकिन हमारे लेखक ने यह स्पष्ट किया कि दाऊद के कार्यों के बारे में जैसा परमेश्वर ने महसूस किया वह ऐसा बिल्कुल भी नहीं था। जो दाऊद ने किया था उसे कम करने के किसी भी प्रयास का विरोध करने के लिए, शमूएल के लेखक ने इस प्रकरण को एक महत्वपूर्ण टिप्पणी

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

के साथ 11:27 में बंद किया। उसने लिखा, "परन्तु उस काम से जो दाऊद ने किया था यहोवा क्रोधित हुआ।"

> बतशेबा के साथ दाऊद का पाप वास्तव में वह काज है जिस पर दाऊद की कहानी लटकती है। इससे पहले आप एक राज्य के निर्माण को देखते हैं; इसके बाद आप एक परिवार को बिखरता हुआ देखते हैं। और इसका कारण कि यह इतना दुःखदायी क्यों है, सबसे पहले, दाऊद राजशाही की अपनी समझ के मामले में विफल हो रहा है। पूरे प्राचीन संसार में, राजा निरपेक्ष था। इसलिए, यदि वह अपने पड़ोसी की पत्नी को चाहता, तो वह उसे ले लेता था; "इसमें कोई बड़ी बात नहीं है?" और दाऊद इस समझ में पीछे जा रहा है — "इसकी परवाह किए बगैर कि देश का सच्चा राजा क्या चाहता है, मैं जो चाहता हूँ वह कर सकता हूँ।" इसलिए, यही वह बिंदु है जिस पर इस कहानी का वास्तविक अर्थ प्रकट होने लगता है। लेकिन फिर, निश्चित रूप से, यह सिर्फ यह नहीं है कि उसने बतशेबा को ले लिया। वह यह है कि इसे ढांपने का प्रयास करने के लिए वह उरिय्याह को घर लाने के संदर्भ में इसे जटिल बनाता है। यह बहुत दिलचस्प है कि जब हम पाप करते हैं, तो हमारी पहली प्रवृति कबूल करने और पछताने की नहीं होती है। हमारे पहली प्रवृति इसे ढांपने की होती है। और यही बात दाऊद कर रहा था। और फिर, निस्सन्देह, जब उरिय्याह अपने राजा की तुलना में अधिक सम्मानित निकला — वह अपनी पत्नी के साथ रात बिताने के लिए घर नहीं जाता है — फिर दाऊद उसे मारने का निर्णय करता है। इस तरह, अब तक पूरी कहानी में हम देखते हैं, दाऊद के द्वारा एक ऐसे निरपेक्ष राजा की भूमिका अदा करने का यह प्रयास कि वह जो चाहे अपने पड़ोसी की पत्नी और अपने पड़ोसी के साथ कर सकता है, और परमेश्वर कह रहा है, "नहीं।" इस कहानी के बारे में जो बात मुझे उल्लेखनीय लगती है कि कथावाचक इतना स्पष्ट और सरल है: उसने ऐसा किया। उसने ऐसा किया। उसने वैसा किया। और फिर वह अंतिम वाक्य: "परन्तु उस काम से जो दाऊद ने किया था यहोवा क्रोधित हुआ।" यह सब बातों का निचोड़ है। और यही उसने किया है। उसने परमेश्वर का स्थान ले लिया है और निश्चय किया है कि वह निर्धारित करेगा कि उसके लिए क्या सही और गलत है।
>
> — डॉ. जॉन ओसवॉल्ट

दाऊद और बतशेबा के दूसरे प्रकरण में, शमूएल का लेखक 12:1-14 में, नातान के भविष्यवाणी वाले न्याय की ओर बढ़ता है । यहाँ पर उसने दाऊद के अपराध की गंभीरता को स्पष्ट किया। नातान के उपदेश की विषयवस्तु इतनी महत्वपूर्ण थी कि शमूएल के लेखक ने इसे कुछ विस्तार से बताया।

नातान का उपदेश 12:1-7 में भविष्यवाणी के दृष्टांत के साथ शुरू हुआ। कई व्याख्याकारों ने ठीक ही सुझाव दिया है कि इस दृष्टांत ने प्राचीन कानूनी मुकदमे के एक प्रारूप का प्रतिनिधित्व किया। इस दृष्टांत में, नातान ने दाऊद के सामने एक काल्पनिक कानूनी केस प्रस्तुत किया: एक धनवान व्यक्ति ने जिसके पास कई भेड़-बकरियाँ थीं, एक गरीब व्यक्ति के एक और सिर्फ एक, बहुत प्यारे मेमने को मारकर एक मेहमान को खिलाया। दाऊद इस अन्याय के विचार से बहुत क्रोधित हो गया और उसने जोर देकर कहा कि ऐसा व्यक्ति मार दिए जाने के योग्य है। उसने घोषणा की कि धनवान व्यक्ति को चौगुना भुगतान करना चाहिए क्योंकि उसे गरीब व्यक्ति पर कोई दया नहीं आई थी। और उसी पल में, 12:7 के अगले भाग में, नातान ने सीधे दाऊद का सामना यह कहते हुए किया, "तू ही वह मनुष्य है!"

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

अपनी भविष्यद्वाणी वाले दृष्टांत के बाद, नातान ने दाऊद को उन वचनों के साथ आगे संबोधित किया जो उसने परमेश्वर के स्वर्गीय सिंहासन से प्राप्त किए। पद 7-9 के दूसरे भाग से हम नातान की भविष्यवाणी वाले अभियोग को पाते हैं कि दाऊद ने परमेश्वर के साथ उसकी वाचा का उल्लंघन किया था। नातान ने समीक्षा की कि कैसे पूरे इस्राएल के ऊपर दाऊद को राजा बनाने के द्वारा परमेश्वर परोपकारी रहा था। लेकिन परमेश्वर की परोपकारिता के प्रति कृतज्ञतापूर्ण निष्ठा के साथ प्रत्युत्तर देने में दाऊद विफल रहा और इसके विपरीत उसने मूसा की व्यवस्था का उल्लंघन किया।

फिर, पद 10-14 में हम भविष्यवाणी वाले दंड को पाते हैं, जिसमें नातान ने दाऊद के विश्वासघात के परिणामों की घोषणा की। दाऊद और उसके परिवार पर दो प्रकार के अभिशाप आएंगे। पद 10 में, नातान ने घोषणा की कि दाऊद का शाही परिवार निरंतर जारी हिंसा के द्वारा भ्रष्ट हो जाएगा। और पद 11 में, नातान ने घोषणा की कि दाऊद का शाही परिवार उसके खिलाफ विद्रोह करेगा।

यह निश्चित रूप से सच है कि व्यभिचार करने, षडयंत्र रचने, और अपने पाप को ढांपने के लिए उरिय्याह की मोत की योजना बनाने के द्वारा दाऊद ने मूसा की व्यवस्था का उल्लंघन किया। लेकिन ये पाप दाऊद के मामले में विशेष रूप से गंभीर थे क्योंकि इन्होंने उसके शाही अधिकार के घोर दुरुपयोग को दिखाया। जैसा कि हमने अपने पूर्ववर्ती अध्याय में देखा, शाऊल मुख्यतः परमेश्वर के दंड के तहत इसलिए आया क्योंकि उसने शाही अधिकार पर मूसा के प्रतिबंधों का उल्लंघन किया था। और नातान की भविष्यवाणी प्रकट करती है कि दाऊद के कार्य परमेश्वर के लिए भी घृणास्पद थे।

ये अभिशाप जितने भी दुखद रहे हों, शमूएल का लेखक इस बात को बताने में त्वरित था कि परमेश्वर ने दाऊद और उसके शाही राजवंश को पूरी रीति से क्यों नहीं त्यागा था। शाऊल के विपरीत, जिसने बहाने बनाए और सिर्फ पश्चाताप का दिखावा किया जब शमूएल ने उसका सामना किया, दाऊद ने तुरंत अपना दोष स्वीकार किया, और परमेश्वर ने करुणा के साथ प्रत्युत्तर दिया। जैसा कि हम 2 शमूएल 12:13-14 में पढ़ते हैं:

> तब दाऊद ने नातान से कहा, "मैं ने यहोवा के विरुद्ध पाप किया है।" नातान ने दाऊद से कहा, "यहोवा ने तेरे पाप को दूर किया है; तू न मरेगा। तौभी तू ने जो इस काम के द्वारा यहोवा के शत्रुओं को तिरस्कार करने का बड़ा अवसर दिया है, इस कारण तेरा जो बेटा उत्पन्न हुआ है वह अवश्य ही मरेगा" (2 शमूएल 12:13-14)।

दाऊद ने स्वयं को दीन किया। और परिणामस्वरूप, नातान ने दयापूर्वक न्याय के वचन के साथ जवाब दिया। उसने दाऊद से कहा, "तू न मरेगा।" लेकिन अनुशासनात्मक अभिशाप फिर भी आएंगे क्योंकि दाऊद ने "यहोवा के शत्रुओं को तिरस्कार करने का बड़ा अवसर दिया था।" और नातान ने पद 14 में कहा, "इस कारण तेरा जो बेटा उत्पन्न हुआ है वह अवश्य ही मरेगा।"

दाऊद और बतशेबा की कहानी का तीसरा और अंतिम प्रकरण, हमें 12:15-25 में, नातान के वचनों की तत्काल पूर्ति को दिखाता है। इस प्रकरण में हम पढ़ते हैं कि बतशेबा से उत्पन्न दाऊद के पुत्र की वास्तव में मृत्यु हो गई। लेकिन दाऊद ने परमेश्वर के सामने अपने सच्चे पश्चाताप को दिखाना जारी रखा। अपने पुत्र की मृत्यु से पहले, दाऊद ने अपने बच्चे के लिए इस आशा में सच्चे हृदय से प्रार्थना की कि परमेश्वर शायद दया करे और उसे मरने की अनुमति न दे। लेकिन जब बच्चा मर जाता है, तो दाऊद ने नम्रतापूर्वक परमेश्वर के न्याय को स्वीकार किया।

परिणामस्वरूप, शमूएल के लेखक ने इस वृत्तांत को पद 24, 25 में, एक संक्षिप्त शब्द-चित्र के साथ बंद किया, जिसमें बतशेबा ने एक दूसरे पुत्र को जन्म दिया। यह घटना उस दया के लिए हमारे लेखक की छोटी लेकिन आश्चर्यजनक याद थी, जिसे परमेश्वर ने दाऊद को उसके पश्चाताप के कारण दिखाई। दाऊद का दूसरा पुत्र और कोई नहीं बल्कि सुलैमान था।

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

बेशक, शमूएल के मूल श्रोता जानते थे कि सुलैमान ने इस्राएल में परमेश्वर के राज्य को बहुत अधिक बढ़ाया था। उसने यरूशलेम में मंदिर का निर्माण किया, राज्य को नए देशों तक विस्तारित किया और इस्राएल को अभूतपूर्व धन-दौलत एवं शक्ति प्रदान की। और सुलैमान दाऊद के उन सभी शाही पुत्रों का पूर्वज बना जिन्होंने भविष्य में इस्राएल पर राज किया। लेकिन इस तथ्य ने कि सुलैमान बतशेबा का पुत्र था, कम से कम कुछ मूल श्रोताओं के मनों में एक गंभीर प्रश्न को खड़ा किया। बतशेबा का पुत्र कैसे वह व्यक्ति हो सकता है जिसके माध्यम से इस्राएल में परमेश्वर का राज्य आगे जारी रहेगा?

हमारे लेखक ने यह लिखने के द्वारा इस प्रश्न का उत्तर दिया कि "वह यहोवा का प्रिय हुआ।" और पद 25 के अनुसार, परमेश्वर ने नातान भविष्यद्वक्ता के द्वारा सन्देश भेज दिया और उसने "उसका नाम यदिद्याह रखा," अर्थात "यहोवा का प्रिय।" नातान की भविष्यद्वाणी वाला वचन दिखलाता है कि, उन सभी कष्टों के बावजूद जो दाऊद के घराने पर आई, भविष्य की आशीषों के लिए इस्राएल की आशा अभी भी सुलैमान के शाही राजवंश से दाऊद के वंशजों में थी।

दाऊद की शुरूआती परेशानियों के बाद, शमूएल का लेखक उन और दूसरी अन्य परेशानियों की ओर मुड़ा, जो 13:1–20:26 में दाऊद के राज्य पर आईं।

दूसरी अन्य परेशानियां (2 शमूएल 13:1–20:26)

इन अध्यायों के महत्व को समझने के लिए, हमें उनके मुख्य पात्रों से परिचित होना चाहिए। बेशक, दाऊद और योआब ने प्रमुख भूमिका अदा की। लेकिन ये अध्याय दाऊद के पुत्रों पर भी केंद्रित हैं। 2 शमूएल 3:2, 3 हमें बताता है कि दाऊद के पहले तीन पुत्र अम्नोन, किलाब और अबशालोम थे। दाऊद का जेठा पुत्र होने के नाते, अम्नोन दाऊद के सिंहासन का स्पष्ट उत्तराधिकारी था। पवित्र शास्त्र हमें दाऊद के दूसरे पुत्र किलाब के बारे में कुछ नहीं बताता है। यह संभावना है कि वह कम उम्र में मर गया था। परिणामस्वरूप, दाऊद का तीसरा पुत्र, अबशालोम, अम्नोन के बाद सिंहासन के लिए दूसरा उत्तराधिकारी था। इन अध्यायों में, हम पढ़ते हैं कि कैसे न्याय के विषय में नातान की भविष्यवाणी दाऊद के सिंहासन के पहले और दूसरे उत्तराधिकारियों के संबंध में पूरी हुई।

दाऊद की अन्य परेशानियों का यह अभिलेख पाँच प्रमुख चरणों में विभाजित होता है। मंच को पहले सजाने के बाद, हमारे लेखक ने बाद के प्रत्येक चरण को, बीत गए वर्षों की संख्या को इंगित करते हुए, एक सामयिक संकेत-चिन्हों के साथ पेश किया।

तामार का अम्नोन द्वारा बलात्कार (2 शमूएल 13:1-22)। दाऊद की दूसरी परेशानियों का पहला चरण 13:1-22 में, अम्नोन द्वारा अपनी सौतेली बहन तामार का बलात्कार करने की चौंकाने वाली कहानी का विवरण देता है। यह प्रकरण दाऊद के पहले पुत्र के साथ शुरू होता है जो अबशालोम की बहन, तामार के लिए वासना में जल रहा है। अम्नोन ने तामार को अपने सोने वाले कमरे में अकेले भेजने के लिए दाऊद को बेवकूफ बनाया। फिर वह स्वयं उस पर हावी हुआ, और बाद में निष्ठुरता से उसे उपेक्षित कर दिया। इस घटना के भावनात्मक प्रभाव उस संकट को दर्शाते हैं जो यह दाऊद के घराने के लिए लाया। 13:20 में हम पढ़ते हैं, "तब तामार ... मन मारे बैठी रही।" पद 21 हमें बताता है कि "राजा दाऊद ... बहुत झुँझला उठा।" और पद 22 बताता है कि "क्योंकि अम्नोन ने उसकी बहिन तामार को भ्रष्ट किया था, इस कारण अबशालोम उससे घृणा करता था।"

अबशालोम का प्रतिशोध और भाग जाना (2 शमूएल 13:23-37)। दाऊद की अन्य परेशानियों का दूसरा चरण तामार के बलात्कार के दो वर्ष बाद घटित होता है। यह 13:23-37 में अबशालोम के प्रतिशोध और भाग जाने का वर्णन करता है। अबशालोम ने धोखे से दाऊद पर अम्नोन और उसके अन्य भाइयों को यरूशलेम से दूर उसके साथ ऊन कतरने के लिए आने की अनुमति देने के लिए दबाव डाला। वहाँ पर, अबशालोम के सेवकों ने अम्नोन की हत्या कर दी, और अबशालोम अपने आप को बचाने के लिए भाग

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

गया। यह दिखाने के लिए कि इस समय पर दाऊद की कितनी दर्दनाक स्थितियाँ थीं, 13:36, 37 बताता है कि "और राजा भी अपने सब कर्मचारियों समेत बिलख बिलख कर रोने लगा ... और दाऊद अपने पुत्र के लिये दिन दिन विलाप करता रहा।"

अबशालोम की वापसी (2 शमूएल 13:38–14:27)। दाऊद की अन्य परेशानियों का तीसरा चरण 13:38–14:27 में अबशालोम के यरूशलेम लौटने पर केंद्रित है। तीन वर्ष बाद, दाऊद का दुःख कम हो गया था, और उसे अबशालोम को देखने की इच्छा थी। दाऊद की इच्छा जानकर, योआब ने दाऊद को अबशालोम को यरूशलेम लौटने की अनुमति देने के लिए मना लिया । योआब ने एक "बुद्धिमान स्त्री" — या जैसा कि अनुवाद किया सकता है एक धूर्त स्त्री — को दाऊद के पास जाने और अपने पुत्र के लिए जिसने अपने भाई को मार डाला था, सुरक्षा माँगने का दिखावा करने के लिए बुलाया। दाऊद की सहानुभूति पाने के बाद, उसने दाऊद से यह कहने के द्वारा उसकी चापलूसी की कि वह अपने शाही न्याय में कुछ भी गलत नहीं कर सकता। और इस झूठ के द्वारा, उसने अबशालोम को लौटने के लिए अनुमति देने हेतु दाऊद को मना लिया। अबशालोम यरूशलेम लौट आया, लेकिन उसे राजा की उपस्थिति में प्रवेश करने की अनुमति नहीं थी। इसलिए, अबशालोम की हताशा बढ़ गई। दिलचस्प बात यह है कि, शमूएल के लेखक ने 14:25 में, यह ध्यान देकर पिता और पुत्र के बीच कलह पर जोर दिया, कि "समस्त इस्राएल में सुन्दरता के कारण बहुत प्रशंसा योग्य अबशालोम के तुल्य और कोई न था।" एक पीढ़ी पहले शाऊल के समान, अबशालोम का उत्कृष्ट शारीरिक रूप इस्राएल के राज्य में इससे भी अधिक मुसीबत का कारण होगा।

यरूशलेम में अबशालोम का उदय (2 शमूएल 14:28–15:6)। यह हमें 14:28–15:6 में, चौथे चरण में लाता है, जहाँ हम दो वर्ष बाद यरूशलेम में अबशालोम के उदय के बारे में पढ़ते हैं। दाऊद के सिंहासन के उत्तराधिकारी के रूप में स्वीकार किए जाने के लिए अबशालोम ने उत्सुकतापूर्वक इच्छा की। इसलिए, आखिर में उसने राजा को देखने की अनुमति पाने के लिए योआब को मना लिया। जब अबशालोम आया, तो उसने दाऊद के सामने दीन बनने का झूठा नाटक किया। दाऊद ने फिर मूर्खता में सुलह की पेशकश की, और चुंबन के साथ, अबशालोम को अपने उचित उत्तराधिकारी के रूप में स्वीकार किया। इसके बाद, अबशालोम ने रथ, घोड़े, और अपने आगे दौड़ने वाले पचास लोगों को रख लिया। लेकिन अभी भी वह संतुष्ट नहीं था। उसने बेईमानी से उन लोगों के अदालती मामलों में हस्तक्षेप किया जो दाऊद को देखने की प्रतीक्षा कर रहे थे, और उन्हें अनुचित समर्थन देने के द्वारा उसने कई वफादार अनुयायियों को पा लिया। जैसा कि हम 15:6 में इस चरण के अंत में पढ़ते हैं, "इस प्रकार अबशालोम ने इस्राएली मनुष्यों के मन को हर लिया।"

अबशालोम का विद्रोह और पराजय (2 शमूएल 15:7–20:26)। दाऊद की अन्य परेशानियों का अंतिम चरण, 15:7–20:26 में, अबशालोम के विद्रोह और पराजय का एक लंबा वृत्तान्त है। यरूशलेम में अबशालोम के उदय के चार वर्ष बाद, अबशालोम ने दाऊद को एक बार फिर धोखा दिया और झूठे बहाने बनाकर, यरूशलेम को छोड़कर हेब्रोन जाने की अनुमति प्राप्त की। वहाँ, लोगों ने अबशालोम को इस्राएल के ऊपर राजा घोषित किया।

अबशालोम के विद्रोह की बात सुनकर, दाऊद यरूशलेम से भागा। यरूशलेम में कईयों ने दाऊद के प्रति वफादारी की शपथ ली और उसके साथ भाग गए। लेकिन अन्य — जिनमें अहीतोपेल, दाऊद का विश्वासयोग्य सलाहकार शामिल था — विद्रोह के साथ जुड़ गए। दाऊद ने बुद्धिमानी से अपने विश्वासपात्र हूशै सहित अपने कुछ अनुयायियों को यरूशलेम में प्रमुख पदों पर छोड़ दिया। दाऊद ने सादोक और एब्यातार याजकों को यरूशलेम में परमेश्वर के संदूक के साथ बने रहने की आज्ञा दी।

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

जब दाऊद यरूशलेम से भागा, तो सीबा, जो मपीबोशेत का सेवक था, उसके साथ हो लिया। लेकिन शाऊल के घराने से एक बिन्यामिनी, शिमी ने, जब दाऊद यरूशलेम छोड़ रहा था तो उसको बका और शाप दिया। दाऊद ने शिमी को नहीं मारा जैसा कि उसके आदमियों ने आग्रह किया था। इसके विपरीत उसने 16:11 में परमेश्वर के सामने अपनी स्वयं की ऐसी दशा को यह कहकर स्वीकार किया, "[शिमी] को रहने दो, और शाप देने दो; क्योंकि यहोवा ने उससे कहा है।"

इसी बीच, अबशालोम ने यरूशलेम में प्रवेश किया और दाऊद के सिंहासन पर दावा किया। अहीतोपेल की सम्मति का अनुसरण करते हुए, अबशालोम ने दाऊद की रखेलियां अपने लिए ले ली। अहीतोपेल ने दाऊद पर तुरंत हमला करने की अबशालोम को सम्मति दी, लेकिन हुशै ने, जो दाऊद का विश्वासपात्र सलाहकार था, अपनी बातों में उलझा कर हमले में देरी करने के लिए अबशालोम को तैयार कर लिया। सादोक और एब्यातार ने दाऊद को चेतावनी देने के लिए दूतों को भेजा, और दाऊद भागने एवं युद्ध की तैयारी करने में सफल रहा।

भयंकर लड़ाई के बाद, दाऊद की सेना अबशालोम की सेना पर हावी हो गई। लेकिन भले ही दाऊद ने अबशालोम से नम्रता से निपटने की आज्ञा दी थी, योआब ने अपना मौका देखा और उसे मार डाला। यहाँ, शमूएल के लेखक ने एक बार फिर जोर दिया कि कैसे परमेश्वर ने दाऊद के राज्य को शापित किया था। अपनी जीत का जश्न मानने की बजाय, दाऊद दिल से टूट गया था और 18:33 में चिल्लाकर रोने लगा, "हाय मेरे बेटे अबशालोम! मेरे बेटे, हाय! मेरे बेटे अबशालोम! भला होता कि मैं आप तेरे बदले मरता, हाय! अबशालोम! मेरे बेटे, मेरे बेटे!"

> कुछ बातें जो अभी आप अबशालोम के बारे में ध्यान करते हैं। वह एक पुत्र था जिसकी यहाँ पर, स्पष्ट रूप से एक महत्वाकांशा थी। वह एक पुत्र था, वैसे, जो बहुत निर्दयी भी था। जब अम्नोन ने अपनी सौतेली बहन का बलात्कार किया, तो यह अबशालोम है जो उसके लिए प्रतिशोध लेता है। और वह यहाँ ऐसा एक बहुत ही गुप्त तरीके से करता है, वह उसे एक घूमने और मजे करने के समय के लिए आमंत्रित करता है और फिर, वास्तव में, उससे इस संबंध में बदला लेता है। वह यही बात यहाँ पर दाऊद के संबंध में भी करता है, फाटक पर अगुवों और प्रचीनों और अन्य प्रभावशाली लोगों के साथ फाटक पर मिलना, उन्हें अपने पक्ष में करना, पहले से ही राजा के रूप में अपनी प्रमुखता की सोच रखना ... अपने आप को नए राजा के रूप स्थापित करने की कोशिश करना। और आप कह सकते हैं, उस समय पर, ऐसा लगभग प्रतीत होता है कि अबशालोम जीतने जा रहा है ... लेकिन एक बात मेरे मन में आती है। जब, वास्तव में, हवा बदलती है, और दाऊद की सेना जीतना शुरू कर देती है, और वे वास्तव में अबशालोम को यहाँ पाते हैं — जिसे ... वे उसके बालों द्वारा पेड़ पर जकड़ा हुआ पाते हैं और वह वहाँ पर लटका हुआ है, और फिर वह दाऊद के एक सिपाही द्वारा मारा जाता है — इस वृत्तांत में एक भावनात्मक क्षण है जहाँ पर दाऊद उसके लिए विलाप करता और उसके लिए रोता है। और मैं सोचता हूँ कि यह उनके संबंध की प्रकृति के बारे में कुछ बताता है ... मैं सोचता हूँ यह उस संघर्ष को दिखाता है, और मैं बहुत वास्तविक रूप से सोचता हूँ, कि कैसे एक घर में एक पुत्र और पिता एक साथ हो सकते हैं और फिर भी एक दूसरे से अलग हैं और अंततः शत्रु बन जाते हैं। और फिर भी, कभी भी मूल रूप नहीं, कम से कम दाऊद की ओर से नहीं। इस तरह, सत्ता में उसका उदय एक झूठे अंत पर आता है, और भले ही दाऊद, जबकि उसे बाहर खदेड़ा जाता है, उसे अबशालोम के प्रति वफादार लोगों द्वारा शाप दिया जा रहा है, और फिर भी दाऊद के पास इस तरह की समझ है कि परमेश्वर उसे इस

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

> मुश्किल समय से भी निकालेगा। और हम निश्चित रूप से जानते हैं कि आखिर में अबशालोम का क्या हुआ।
>
> — डॉ. ओलिवर एल. ट्रिमवियु, जुनियर

अबशालोम के विद्रोह की पराजय के बाद, दाऊद आखिरकार यरूशलेम लौटता है। शमूएल के लेखक ने दाऊद के राज्य की परिणामी स्थिति को कई तरीकों से चित्रित किया। परमेश्वर की दया से, दाऊद का राज्य जारी रहा, लेकिन दाऊद ने कभी भी उन महान आशीषों अनुभव नहीं किया जो उसके शासनकाल के शुरूआती वर्षों की विशेषता थी। यहूदा के लोगों ने उसका समर्थन किया। दाऊद ने बिन्यामिनियों, शिमी, और मपीबोशेत के साथ शांति स्थापित की — जो यरूशलेम में पीछे रह गए थे। गिलाद वासियों ने भी दाऊद का समर्थन किया। लेकिन यहूदा और उत्तरी इस्राएल के गोत्रों के बीच परेशानी जारी रही। और दाऊद को बिन्यामिनी सेबा से एक गंभीर विद्रोह को कुचलना पड़ा।

अंत में, परमेश्वर ने दाऊद और उसके घराने को बनाए रखने के द्वारा उसे आशीषित किया। लेकिन शमूएल के लेखक ने यह स्पष्ट किया कि दाऊद के पाप के कारण उसका राज्य परमेश्वर के अभिशापों के तहत आया। इस्राएल को शासन करने के लिए दाऊद के एक धर्मी पुत्र की आवश्यकता थी, वह जो दाऊद से अधिक धर्मी था। केवल तभी परमेश्वर के अभिशाप, दाऊद के राज्य के लिए प्रतिज्ञा किए गए महान आशीषों में बदलेंगे।

अब जबकि हमने अभिशापों वाले दाऊद के बाद के वर्षों की संरचना एवं विषयवस्तु पर विचार कर लिया है, हम इन अध्यायों के मसीही अनुप्रयोग पर चर्चा करने की स्थिति में हैं। दाऊद के शासन के इस हिस्से का *हमसे* क्या लेना-देना है?

मसीही अनुप्रयोग

मसीह के अनुयायी यह पता करना पसंद करते हैं, कि पुराने नियम में परमेश्वर के लोगों के ऊपर उसकी आशीषें उनके जीवनों पर कैसे लागू होते हैं। लेकिन शमूएल की पुस्तक के ये अध्याय परमेश्वर की आशीषों पर केंद्रित नहीं हैं। इसके बजाय, वे हमें बताते हैं कि कैसे परमेश्वर ने दाऊद को वाचा वाले अभिशापों से अनुशासित किया। जितना अधिक हो सके हम स्वाभाविक रूप से यह जानना नहीं चाहेंगे कि कैसे दाऊद के जीवन में परमेश्वर के अभिशाप हमारे लिए लागू होते हैं, फिर भी वे होते हैं। परमेश्वर हमसे इतना प्रेम करता है कि वह हमारे पापों को नजरअंदाज नहीं करता है। वह उन लोगों को अनुशासित करता है जिनसे वह मसीह में प्रेम करता है ताकि हम विश्वास एवं धार्मिकता में बढ़ सकें।

जब हम दाऊद के बाद वाले वर्षों के अभिशापों के मसीही अनुप्रयोग पर विचार करते हैं, तो हम एक बार फिर उन दो मुख्य विषयों को देखेंगे जो इन वृत्तांतों को मसीह में हमारे जीवनों से जोड़ते हैं। हम पहले परमेश्वर की वाचाओं पर जोर दिए जाने पर विचार करेंगे और फिर परमेश्वर के राज्य पर ध्यान देंगे। आइए परमेश्वर की वाचाओं के साथ शुरू करें।

परमेश्वर की वाचाएँ

जैसा कि हमने देखा, परमेश्वर की वाचाओं की गतिशीलताओं ने हमारी पुस्तक के इस भाग में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। लेकिन इन अध्यायों में, शमूएल के लेखक ने दाऊद के लिए परमेश्वर की परोपकारिता पर कम ध्यान दिया और अधिक इस बात पर कि कैसे दाऊद परमेश्वर के प्रति विश्वासयोग्य रहने में विफल रहा। हमारे लेखक ने यह भी जोर दिया कि कैसे परमेश्वर ने दाऊद को अभिशापों के द्वारा अनुशासित किया, जिसमें बतशेबा के साथ उसके पहले पुत्र की मृत्यु और उसके पुत्रों अम्नोन एवं अबशालोम के माध्यम से दाऊद के राज्य पर आए भयावह कष्ट शामिल हैं। फिर भी, इन गंभीर अभिशापों

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

के बावजूद, दाऊद की विनम्रता और पश्चाताप के प्रति परमेश्वर ने फिर भी उसके राज्य को बनाए रखने की आशीष के साथ प्रत्युत्तर दिया।

अब, मसीह के अनुयायियों के रूप में, नए नियम द्वारा बनाई गई वाचा की इन गतिशीलताओं को उचित रीति से लागू करने के लिए हमें सावधान रहना होगा। पहले स्थान पर, अभिशाप वाले दाऊद के बाद के वर्षों का वृत्तांत दाऊद और हमारे महान राजा यीशु के बीच एक असाधारण विरोधाभास स्थापित करता है। दाऊद और उसके पुत्र परमेश्वर के प्रति विश्वासयोग्य रहने में विफल रहे और अपने एवं परमेश्वर के लोगों के लिए परेशानियों को ले आए। लेकिन यीशु सिद्धता से निष्ठावान था, और सर्वदा परमेश्वर के प्रति सिद्धता से निष्ठावान रहेगा। मसीह द्वारा परमेश्वर की प्रत्येक शर्त का धार्मिकता के साथ पूरा करना हमें विश्वास दिलाता है कि, अंत में, ऐसा हर एक व्यक्ति जो मसीह में है, पिता से अनंत आशीषों को प्राप्त करेगा।

लेकिन दूसरे स्थान पर, हम सभी जानते हैं कि आज मसीह की कलीसिया सिद्धता से कोसो दूर है। ठीक वैसे ही जैसे दाऊद ने किया, संसार में प्रत्येक मसीही जन निष्ठावान होने के लिए परमेश्वर के मानकों पर खरा नहीं उतरता है। और, जैसा कि इब्रानियों 12:3-17 जैसे अनुच्छेद हमें सिखाते हैं, हम सभी इस जीवन में जैसा परमेश्वर को ठीक जान पड़ता है परमेश्वर के अनुशासन का सामना करते हैं। अब, उनके लिए जो स्वयं को मसीह का अनुयायी कहते हैं, लेकिन उन्होंने उद्धार देने वाला विश्वास कभी भी नहीं किया है, इस जीवन की परेशानियाँ अंततः परमेश्वर से अनंत अभिशापों को लाएंगी। लेकिन उनके लिए जिन्होंने सच्चे दिल से पश्चाताप और मसीह पर अपना विश्वास रखा है, परमेश्वर के अनुशासन के माध्यम से हमारे दृढ़ बने रहने को मसीह के वापस आने पर, परमेश्वर से अनंत आशीषों के साथ पुरस्कृत किया जाएगा।

इसलिए, जैसे प्राचीन इस्राएलियों को दाऊद की विफलताओं को अस्वीकार करना और उसके सच्चे पश्चाताप का अनुकरण करना था, हमें भी वैसा ही करना है। हमें दाऊद और उसके पुत्रों की विफलताओं से बचना है और जब हम विफल होते हैं, तो विनम्र पश्चाताप में परमेश्वर की ओर मुड़ना है। और बहुत कुछ जैसे परमेश्वर ने दाऊद की विरासत को परमेश्वर के राज्य में दयापूर्वक बनाए रखा, परमेश्वर सच्चे विश्वासियों की विरासत को भी अपने राज्य में दयापूर्वक बनाए रखेगा।

हमने देखा कि कैसे शमूएल के इस हिस्से के लिए हमारे मसीही अनुप्रयोग को दाऊद के जीवन के इस चरण में, परमेश्वर की वाचाओं की गतिशीलताओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। लेकिन हमें इस बात पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है कि इन अध्यायों में परमेश्वर का राज्य हमारे लिए कैसे लागू होता है।

परमेश्वर का राज्य

नए नियम में, परमेश्वर के राज्य का विषय यीशु को दाऊद के पुत्र के रूप में महिमान्वित करता है जो दाऊद और उसके घराने की विफलताओं पर जय पाता है। लेकिन अंतिम दिनों में, मसीह एक ही बार में अपने लोगों की विफलताओं पर जय नहीं पाता है। जैसे कि हमने उल्लेख किया है, वह इस काम को तीन चरणों में पूरा करता है: अपने पहले आगमन के दौरान अपने राज्य के उद्घाटन में, संपूर्ण कलीसियाई इतिहास में अपने राज्य की निरंतरता में, और जब वह महिमा में लौटता है तो अपने राज्य की परिपूर्णता में।

इस प्रकाश में, अभिशाप वाले दाऊद के बाद के वर्षों की कहानियाँ यीशु के राज्य के उद्घाटन में उसकी जीत को पहचानने में हमारी मदद करते हैं। अपनी सांसारिक सेवकाई में, मसीह की धर्मी सेवा क्रूस पर उसकी मौत में चरमबिंदु पर पहुँची। मरने के द्वारा, उसने दाऊद, उसके घराने, और सभी युगों के दौरान हर एक सच्चे विश्वासी की विफलताओं की कीमत अदा की। इस कारण से, मसीह ने आत्मा की सामर्थ्य के द्वारा अपनी विश्वासयोग्य सेवा के लिए पुनरुत्थान और स्वर्गारोहण के पुरस्कार को प्राप्त

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

किया। और हर एक जन जो मसीह के पास आता है वह आत्मा की सामर्थ्य के द्वारा नए जीवन के लिए जिलाया जाता है। मसीह में, हम अनंत जीवन के मार्ग पर दृढ़ हैं।

इससे भी अधिक, ये अध्याय उन तरीकों की ओर संकेत करते हैं जिनमें मसीह अपने राज्य की निरंतरता के दौरान सिद्ध धार्मिकता में सेवा करता है। पूरे कलीसियाई इतिहास के दौरान, यीशु पिता के दाहिने हाथ पर शासन करता है। और क्षण दर क्षण, वह स्वर्ग में अपने सिंहासन से पिता की इच्छा को पूरा करता है। दो हज़ार वर्ष से अधिक के लिए, यीशु ने दाऊद और उसके घराने की विफलताओं को उलट दिया है। उसने सुसमाचार की उद्घोषणा के माध्यम से पूरे संसार के ऊपर परमेश्वर के शासन को फैलाने के द्वारा, परमेश्वर के राज्य को और आगे तक विस्तारित भी किया है।

और निश्चित रूप से, जब हम उन अभिशापों पर विचार करते हैं जो दाऊद और उसके घराने पर बाद के वर्षों में आए, तो हम अपने युग की पूर्णता पर मसीह की वापसी की इच्छा करते हैं। जब मसीह वापस आएगा, तो वह परमेश्वर के सभी आत्मिक एवं शारीरिक शत्रुओं को पूरी रीति से पराजित करेगा। वह अपने प्रत्येक अनुयायी को सिद्ध करेगा। और वह अपने विश्वव्यापी साम्राज्य में सभी पर अनंत आशीषों को उँडेलेगा। उस दिन, परमेश्वर के लोगों की विफलताएं सिर्फ एक धुँधली याद होगी। और हम मसीह का सम्मान उस रूप में करेंगे जिसने विजय प्राप्त की और जिसने हर उस व्यक्ति को नई सृष्टि का अथाह आनंद दिया जो उस पर भरोसा करता है।

राजा दाऊद के शासन को, आशीषों वाले उसके शुरूआती वर्षों और अभिशापों वाले बाद के वर्षों का पता लगाने के बाद, हमें 2 शमूएल 21–24 में अपने लेखक के रिकॉर्ड के तीसरे प्रमुख भाग की ओर बढ़ना चाहिए — जारी रहने वाले लाभ, जिन्हें इस्राएल दाऊद के घराने के माध्यम से प्राप्त कर सका।

जारी रहने वाले लाभ

जैसा कि हमने इस पूरी श्रृंखला में देखा, शमूएल के लेखक ने अपने मूल श्रोताओं को तब प्रोत्साहित करने के लिए लिखा जब उन्होंने बहुत कुछ दाऊद के घराने की अवज्ञा के कारण कष्टों का सामना किया। उनका राज्य विभाजित हो गया था, शत्रुओं ने उन्हें हरा दिया था, और परमेश्वर के कई लोग बंधुवाई में चले गए थे। और आइए इसका सामना करते हैं, कि अभिशापों वाले दाऊद के वर्षों की कहानियाँ इस्राएल को चीज़ों के बेहतर होने के अधिक आशा नहीं देती हैं। लेकिन शमूएल का लेखक अपने श्रोताओं को उनके भविष्य के बारे में पुनः-आश्वस्त करना चाहता था। इसलिए, अपनी पुस्तक को नकारात्मक टिप्पणी के साथ समाप्त करने के बजाय, उसने उन प्रकारों की आशीषों को दिखाने के लिए जिन्हें परमेश्वर के लोगों के लिए दाऊद का घराना अभी भी ला सकता था, कई घटनाओं को एक साथ जोड़ा जो दाऊद के शासनकाल में विभिन्न समयों पर हुई थीं।

हम दाऊद के घराने के जारी रहने वाले लाभों को उसी रीति से देखेंगे जैसे हमने दाऊद के शासन के अन्य हिस्सों का पता लगाया। सबसे पहले, हम शमूएल के इस हिस्से की संरचना और विषयवस्तु की जांच करेंगे। फिर हम इसके मसीही अनुप्रयोग को देखेंगे। आइए इन समापन अध्यायों की संरचना एवं विषयवस्तु के साथ शुरू करें।

संरचना और विषयवस्तु

जैसा कि हमने पहले भागों में किया, हम पहले परमेश्वर के राज्य एवं परमेश्वर की वाचाओं के संबंध में इन अध्यायों को सारांशित करेंगे। एक ओर, हमारी पुस्तक के समापन अध्याय उन कुछ तरीकों

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

को चित्रित करते एवं दोहराते हैं जिनमें दाऊद के शासन के दौरान भिन्न-भिन्न समयों पर इस्राएल में परमेश्वर का राज्य आगे बढ़ा। इन अध्यायों में, दाऊद ने राष्ट्र के ऊपर परमेश्वर के अभिशापों से राहत दिलाई; परमेश्वर ने दाऊद को कई बड़ी जीत दी; और, स्वयं अपने प्रेरित वचनों में, दाऊद ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि परमेश्वर ने उसके घराने को एक ऐसे साधन के रूप में ठहराया है जिसके माध्यम से राज्य आगे बढ़ेगा।

दूसरी ओर, शमूएल के लेखक ने परमेश्वर की वाचाओं की गतिशीलताओं के संदर्भ में दाऊद और उसके राजवंश से जारी रहने वाले लाभों का भी वर्णन किया। ये अध्याय वर्णन करते हैं कि कैसे परमेश्वर ने दाऊद के शासन के दौरान इस्राएल को विभिन्न समयों पर दिव्य परोपकारिता दी। वे दिखाते हैं कि कैसे परमेश्वर ने दाऊद और उसके राजवंश से निष्ठा की माँग की। और ये बताते हैं कि कैसे अवज्ञा एवं आज्ञाकारिता ने अभिशापों एवं आशीषों के परिणाम को जन्म दिया। दाऊद के शासनकाल में वाचा की इन गतिशीलताओं को इंगित करने के द्वारा, हमारे लेखक ने अपनी बात को स्पष्ट किया: परमेश्वर के लोगों की हर पीढ़ी के लिए आशीषों की आशा दाऊद के घराने के धर्मी शासन के माध्यम से आएगी।

हमारी पुस्तक के इस भाग की संरचना एवं विषयवस्तु को समझना कठिन नहीं है। ये अध्याय छह मुख्य भागों में विभाजित होते हैं:

- 2 शमूएल 21:1-14 में शाऊल के पाप के कारण परमेश्वर के अभिशाप से इस्राएल को राहत के बारे में एक कहानी;
- 2 शमूएल 21:15-22 में दाऊद के शूरवीर;
- 22:1-51 में दाऊद का राजवंशीय गीत;
- 23:1-7 में दाऊद के अंतिम राजवंशीय वचन;
- 23:8-38 में दाऊद के शूरवीरों की एक सूची और उनके कुछ साहसी कार्य; और
- 24:1-25 में दाऊद के पाप से आए परमेश्वर के अभिशापों से इस्राएल को राहत दिए जाने के बारे में एक कहानी।

हमें इस व्यवस्था के बारे में कुछ सामान्य टिप्पणियां करनी चाहिए। शुरूआत करने के लिए, इन अध्यायों में बताई गई घटनाएँ कालानुक्रमिक क्रम में नहीं हैं। बारीकियों पर व्याख्याकारों की अलग-अलग राय है, लेकिन उनमें से कईयों ने दाऊद के बाद वाले वर्षों में परमेश्वर के अभिशाप से इस्राएल के राहत के पहले वृत्तांत को सही रूप में दिनांकित किया है। घटनाओं का पहला उल्लेख जिनमें दाऊद के शूरवीर शामिल हैं संभवतः आशीषों वाले दाऊद के पहले वर्षों के दौरान हुए थे। दाऊद का राजवंशीय गीत 22:1 में स्पष्ट रूप से उल्लिखित है, जब उसके शासनकाल की शुरूआत में — "यहोवा ने [दाऊद] को उसके सब शत्रुओं और शाऊल के हाथ से बचाया।" दाऊद के राजवंशीय अंतिम वचनों को उसके "अंतिम वचन" यह इंगित करने के लिए कहा जाता है कि वे उसके जीवन के अंत के करीब में बोले गए थे। दाऊद के शूरवीरों का दूसरा रिकॉर्ड उन घटनाओं को संदर्भित करता है जो उसके शासनकाल के दौरान कई अलग-अलग समयों पर घटित हुए। और जब हम 1 इतिहास 21 में इसके समानांतर परमेश्वर के अभिशाप से इस्राएल की राहत के दूसरे उदाहरण की तुलना करते हैं, तो हम देखते हैं कि यह उन घटनाओं को संदर्भित करता है जो आशीष वाले दाऊद के पहले के वर्षों के अंत के पास घटित हुई थीं।

यह स्पष्ट है कि, इन अध्यायों को कालानुक्रमिक रूप से व्यवस्थित करने के बजाय, हमारे लेखक ने व्यत्यासिका बनाने के लिए विषय के अनुसार इसे व्यवस्थित किया। जैसा कि हम पवित्र शास्त्र के कई भागों में देखते हैं, इन अध्यायों की संरचना उद्देश्यपूर्ण रीति से की गई ताकि बाद के हिस्से पहले के हिस्सों के विषयों के समान हों या प्रतिध्वनित करते हों।

> **2 शमूएल के अंतिम अध्याय कालानुक्रमिक क्रम से बाहर प्रतीत इसलिए होते हैं, क्योंकि वे कालानुक्रमिक क्रम से बाहर हैं। यही संक्षिप्त उत्तर है ... हमारे पास**

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

> उत्पत्ति 37 और 38 में भी, यही बात है, जहाँ उत्पत्ति 38 हमें तामार के साथ यहूदा के पाप के विषय में बताएगा; 37 हमें मिस्र मे यूसुफ के बेचे जाने के बारे में बताता है। और ये क्रम से बाहर दिखाई देते हैं, और निश्चित रूप से, आलोचक कहेंगे कि एक अनाड़ी संपादक ने इसे एक साथ जोड़ा है। लेकिन यह दिखाना लेखक का कौशल है कि यूसुफ को मिस्र जाने की आवश्यकता क्यों पड़ी? ऐसा इसलिए था क्योंकि भाई परिवार की भावना खो रहे थे, वे परमेश्वर की आराधना की भावना को खो रहे थे, और उन्हें एक ऐसे स्थान पर अलग करने की आवश्यकता थी जो उन्हें अन्य देशों के साथ मिलने की अनुमति न दे ... आपके पास न्यायियों की पुस्तक के अंत में भी यही बात है, जहाँ आपके पास कामुकता, घोर कामुकता और विकृतता के विषय में एपिसोड है, और आपके पास घोर मूर्तिपूजा भी है। और हम जानते हैं कि वे भी कालानुक्रम से बाहर हैं, शायद इसलिए कि लेखक यह दिखाना चाहता था कि लैंगिक अनैतिकता और मूर्तिपूजा के ये प्रकरण इस पूरे समयकाल की विशेषता थे, पहले उस समय के विभिन्न न्यायियों को और राज्य के उतार-चढ़ाव को देखना, लेकिन फिर यह दिखाने की इच्छा करना कि इन विकृतियों का जारी रहना उस समय की संपूर्ण अवधि की विशेषता थी। मैं तर्क दूंगा कि हमारे पास 2 शमूएल की पुस्तक में भी यही बात चल रही है।
>
> — डॉ. चिप मैक्डैनियल

जैसे कि हमारी रूपरेखा बताती है, परमेश्वर के अभिशाप से राहत का विषय दो बार दिखाई देता है। दाऊद के शूरवीरों के दोनों रिकॉर्ड में सैन्य मामलों पर ध्यान-केंद्रण दिखाई देता है। और दाऊद का राजवंशीय गीत दाऊद के अंतिम राजवंशीय वचनों के साथ जुड़ा हुआ है क्योंकि इन दोनों ही अनुच्छेदों में दाऊद ने अपने राजवंश पर ध्यान-केंद्रित किया। इस व्यत्यासिक व्यवस्था में विषयों की पुनरावृत्ति, हमें इन अध्यायों में लेखक के मुख्य रुचियों को समझने में मदद करता है: पहला और अंतिम भाग परमेश्वर के उन अभिशापों से राहत का सुझाव देते हैं जिन्हें परमेश्वर ने इस्राएल पर डाला था। दूसरा और पाँचवाँ भाग शत्रुओं के ऊपर जीत की आशीषों की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं। और तीसरा और चौथा भाग इंगित करते हैं कि दाऊद के लिए परमेश्वर का आश्चर्यजनक अनुग्रह उसके राजवंश के लिए आगे बढ़ा।

इन विषयों ने उन मुद्दों को संबोधित किया जो शमूएल के मूल श्रोताओं के लिए महत्वपूर्ण थे जब उन्होंने विभाजित राज्य या बेबीलोन की बंधुवाई की चुनौतियों का सामना किया। मूल श्रोताओं को परमेश्वर के अभिशापों से राहत की आवश्यकता थी। उन्हें अपने शत्रुओं पर जीत की आवश्यकता थी। और उन्हें एक ऐसे राजा की आवश्यकता थी, जिसे परमेश्वर का अनुग्रह प्राप्त हो। दाऊद के शासनकाल की इन घटनाओं ने मूल श्रोताओं को आश्वस्त किया कि दाऊद के घराने के धर्मी शासन के माध्यम से इस प्रकार के जारी रहने वाले लाभ उनके हो सकते हैं।

दो भागों से शुरू करते हुए, हम इस व्यत्यासिक व्यवस्था का पूरी अच्छी तरह से पता करेंगे जो दाऊद के अपने वचनों को बताते हैं: 22:1-51 में उसका राजवंशीय गीत और 23:1-7 में उसके अंतिम राजवंशीय वचन।

राजवंशीय गीत (2 शमूएल 22:1-51)

एक ओर, 22:1-51 में, दाऊद का राजवंशीय गीत भजन 18 का एक संस्करण है — वह भजन जो शाऊल से दाऊद के छुटकारे का आनंद मना रहा है। भजन 18 के समान, दाऊद का राजवंशीय गीत 1-4 पदों में यहोवा के लिए उसकी स्तुति के साथ शुरू होता है। यह फिर 5-20 पदों में यहोवा द्वारा दाऊद के छुटकारे का वर्णन करता है। 21-29 पदों में, यह दाऊद के छुटकारे का कारण बताता है। यह 30-46 पदों

में यहोवा के छुटकारे के विवरण पर लौटता है। और 47-50 पदों में, यह यहोवा की और अधिक स्तुति पर आता है।

अब, यह चाहे कितना भी अद्‌भुत था कि परमेश्वर ने दाऊद को छुटकारा दिया, 2 शमूएल 22:51 एक महत्वपूर्ण परिशिष्ट को जोड़ता हैं जो इस गीत को शामिल करने के हमारे लेखक के कारण को समझने में हमारी मदद करता है। जैसा कि हम वहाँ पढ़ते हैं:

> वह अपने ठहराए हुए राजा का बड़ा उद्धार
> करता है, वह अपने अभिषिक्त दाऊद, और उसके वंश
> पर युगानुयुग करुणा करता रहेगा (2 शमूएल 22:51)।

यह परिशिष्ट हन्ना के विश्वास की अभिव्यक्ति की उस बात की ओर ध्यान को वापस ले जाती है जिसे परमेश्वर भविष्य में इस्राएल के राजा के माध्यम से करेगा। आपको याद होगा कि 1 शमूएल 2:10 में, हन्ना ने परमेश्वर की प्रशंसा यह कहते हुए की:

> [यहोवा] अपने राजा को बल देगा, और अपने अभिषिक्त के सींग को ऊँचा
> करेगा (शमूएल 2:10)।

हन्ना की प्रशंसा के समान, दाऊद ने गाया कि परमेश्वर "अपने राजा को" "महान उद्धार" — या "छुटकारा" जैसा कि इसका अनुवाद किया जा सकता है — देगा। और परमेश्वर "अपने अभिषिक्त पर करुणा करता है।" लेकिन ये वचन उस धन्य राजा और अभिषिक्त जन का *नाम लेने के* द्वारा हन्ना की स्तुति से आगे गए। यह "दाऊद" था, और न सिर्फ स्वयं दाऊद, बल्कि "उसकी संतान" भी। और ठीक जैसे कि 2 शमूएल 7 में दाऊद के साथ परमेश्वर की वाचा ने इंगित किया, यह आशा "सर्वदा" दाऊद के राजवंश के लिए आगे जाती है।

> परमेश्वर ने दाऊद के वंशजों को इस्राएल के ऊपर स्थायी राजवंश होने के लिए चुना और, निश्चित रूप से, बाद के इसके इतिहास में, यहूदा में। और इस बारे में पवित्र शास्त्र क्या कहता है कि यहाँ तक कि शुरूआत से ही यह पहले ही से चुन लिया गया था, कि परमेश्वर ने पहले से ही यहूदा को ऐसा गोत्र होने के लिए चुन लिया था जहाँ — यहूदा से राजा आने वाले थे ... और दाऊद के विषय में यह क्या कहता है कि दाऊद "यहोवा के मन के अनुसार व्यक्ति" था। इसीलिए उसने उसका चुनाव किया। और फिर पवित्र शास्त्र यह भी कहता है कि दाऊद का हृदय पूरी तरह यहोवा से लगा था। वह हर तरीके से पूरी रीति से यहोवा के लिए समर्पित था ... यदि आपने ध्यान दिया, दाऊद के बाद आए प्रत्येक राजा की , मूल रूप से तुलना दाऊद से की गई, और वे कहेंगे, "उसने अपने मूलपुरुष दाऊद के समान वही किया जो यहोवा की दृष्टि में ठीक था, तौभी उसका मन यहोवा की ओर पूरी रीति से नहीं था।" इसलिए, दाऊद इस बात का एक बहुत बड़ा उदाहरण है कि राजा को कैसा होना चाहिए, और फिर, ऐसा इसलिए क्योंकि दाऊद का हृदय यहोवा से लगा हुआ था। वह पूरी रीति से परमेश्वर के प्रति आज्ञाकारी था, और यही कारण है कि उसका घराना सर्वदा के लिए चुना गया था।
>
> — डॉ. रस्सल टी. फुलर

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

दाऊद के अंतिम राजवंशीय वचन (2 शमूएल 23:1-7)

शमूएल के लेखक ने 23:1-7 में दाऊद के राजवंशीय अंतिम वचनों में दाऊद और उसके घराने के लिए परमेश्वर के अनुग्रह पर इस ध्यान-केंद्रण को फिर से सुदृढ़ किया। इस बात पर जोर देने के लिए कि दाऊद का उपदेश दिव्य अधिकार धारण करता है, पद 1 इब्रानी शब्द *ने'ऊम* (נְאֻם) का प्रयोग करके इस अनुच्छेद के विषय में दाऊद की "वाणी" के रूप में दो बार बोलता है। बाइबल के लेखकों ने पुराने नियम की भविष्यवाणी के दिव्य उत्पत्ति को इंगित करने के लिए कई अवसरों पर इसी शब्द का उपयोग किया। हम पद 2 में भी, दाऊद के अंतिम वचनों के दिव्य उत्पत्ति पर जोर को देखते हैं, जहाँ दाऊद ने कहा:

> यहोवा का आत्मा मुझ में होकर बोला, और उसी का वचन मेरे मुँह में आया (2 शमूएल 23:2)।

हमारे लेखक ने दाऊद के अंतिम वचनों की विश्वसनीयता के बारे में किसी भी संदेह को दूर करने के लिए परमेश्वर की आत्मा की प्रेरणा पर जोर दिया।

तो परमेश्वर ने इस उपदेश में दाऊद के माध्यम से क्या कहा था? ठीक है, पद 3, 4 में, दाऊद ने घोषणा की कि ऐसा राजा जो "धर्मी" और "परमेश्वर का भय मानता हुआ प्रभुता करेगा," उसके लोगों के लिए अद्‌भुत आशीषों को लाएगा। फिर, पद 5 में, दाऊद ने अपने और अपने वंश के लिए धर्मी राजशाही के इस आम सिद्धांत को लागू किया। दाऊद जानता था कि उसका घराना परमेश्वर की दृष्टि में विशेष था। परमेश्वर ने 2 शमूएल 7 में उसके साथ "सदैव की वाचा" बाँधी थी। इसलिए, अपने अंतिम वचनों में, दाऊद ने इंगित किया कि जब उसका घराना धर्म से और परमेश्वर के भय में प्रभुता करता है, तो यह इस्राएल के लिए अद्‌भुत आशीषों को लाएगा। अंत में, पद 6, 7 में, दाऊद ने उसके घराने पर से आशा को न छोड़ने के लिए उन लोगों को चेतावनी दी जिन्होंने उसके साथ परमेश्वर की वाचा पर संदेह किया। उसने कहा:

> "ओछे लोग सब के सब निकम्मी झाड़ियों के समान हैं जो हाथ से पकड़ी नहीं जातीं; ... इसलिये वे अपने ही स्थान में आग से भस्म कर दिए जाएँगे (2 शमूएल 23:6-7)।

यहाँ शमूएल के लेखक ने फिर से उस आह्वान को दोहराया जिसे उसने अपने मूल श्रोताओं के लिए बार-बार लिखा। उन्हें दाऊद के घराने पर भविष्य के लिए अपनी आशाओं को बना कर रखना था। परमेश्वर ने अनंत वाचा के द्वारा इस्राएल के स्थायी राजवंश के रूप में दाऊद के घराने को ठहराया था। इस्राएल में परमेश्वर के राज्य के लिए इस शाही परिवार से हटकर कोई आशा नहीं थी।

दाऊद के राजवंश की केंद्रियता पर इस ध्यान-केंद्रण को ध्यान में रखकर, आइए दाऊद के जारी रहने वाले लाभों के दूसरे और पाँचवें भागों की ओर मुड़ें: 21:15-22 में दाऊद के शूरवीरों का वृत्तांत और 23:8-38 में उसके शूरवीर। एक साथ, ये दोनों भाग उन बड़े लाभों में से एक को उजागर करते हैं जिसे दाऊद के राजवंश के धर्मी शासन ने इस्राएल को प्रदान किया: परमेश्वर के शत्रुओं पर विजय।

शूरवीर (2 शमूएल 21:15-22)

21:15-22 में दाऊद के शूरवीरों का पहला रिकॉर्ड जल्दी से यह सारांशित करता है कि कैसे परमेश्वर ने पलिश्तियों के खिलाफ चार अलग-अलग युद्धों में इस्राएलियों को जीत के साथ आशीषित किया था। इनमें से प्रत्येक लघुचित्र इंगित करते हैं कि दाऊद के योद्धाओं ने "दानवों," या बड़े पलिश्ती योद्धाओं को मार डाला, जब उन्होंने दाऊद के राज्य की स्थापना का समर्थन किया था। पद 15-17 इन सभी वृत्तांतों पर एक महत्वपूर्ण परिप्रेक्ष्य प्रदान करते हैं। यहाँ हम पढ़ते हैं:

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

> और दाऊद थक गया ... तब दाऊद के जनों ने शपथ खाकर उससे कहा, "तू फिर हमारे संग युद्ध को जाने न पाएगा, ऐसा न हो कि तेरे मरने से इस्राएल का दिया बुझ जाए।" (2 शमूएल 21:15-17)।

जैसा कि हम यहाँ देखते हैं, यहाँ तक कि जब दाऊद स्वयं "थक गया," तब भी परमेश्वर का राज्य विफल नहीं हुआ। इसके बजाय, दाऊद के वफादार शूरवीरों ने दाऊद के राज्य को बनाए रखना और फैलाना जारी रखा।

यह समझना मुश्किल नहीं है कि क्यों शमूएल के लेखक ने अपनी पुस्तक के इस बिंदु पर इन युद्धों की रिपोर्ट को शामिल किया। अपने समय में, दाऊद का घराना कमजोर था, बहुत कुछ जैसे बाद के अपने वर्षों में दाऊद कमजोर हो गया था। लेकिन दाऊद की कमजोरी में भी, परमेश्वर ने इस्राएल को बड़ी जीतों से आशीषित किया था। और यही इस्राएल में हर पीढ़ी के लिए सच हो सकता है। यदि इस्राएल के शूरवीर दाऊद के राज्य के लिए स्वयं को समर्पित करते हैं, तो वे भी बड़े शत्रुओं को हरा देंगे।

शूरवीर (2 शमूएल 23:8-38)

दाऊद के शूरवीरों का दूसरा रिकॉर्ड 23:8-38 में इसी तरह के विषयों को दोहराता है। इस भाग में, शमूएल के लेखक ने दाऊद के बड़े शूरवीरों के कोई छत्तीस नामों का उल्लेख किया। सबसे पहले, उसने "तीन शक्तिशाली पुरुषों" और उनके कुछ वीरता के कामों का वर्णन किया। फिर हम उन "तीस मुख्य पुरुषों" के बारे में पढ़ते हैं जिन्होंने दाऊद के साथ और उसके लिए युद्धों को लड़ा। उदाहरण के लिए, इन पुरुषों ने युद्ध के महान कारनामों को अंजाम दिया, पद 8 में योशेब्यश्शेबेत ने अपने भाले से "एक ही समय में आठ सौ पुरुष मार डाले।" पद 10 में, एलीआज़र "... पलिश्तियों को तब तक मारता रहा ... और उस दिन यहोवा ने बड़ी विजय कराई।" 11, 12 पदों के अनुसार, शम्मा ने एक खेत को पलिश्तियों से बचाया जब इस्राएली भाग खड़े हुए थे। पद 18 में, अबीशै ने "अपना भाला चलाकर तीन सौ को मार डाला।" और 20, 21 पदों में, बनायाह ने दो मोआबियों को मार डाला, एक सिंह को मार डाला और एक मिस्री पुरुष को मार डाला। इनमें से कई पुरुष दाऊद के राज्य में बाद में अधिकार के पदों पर आसीन हुए।

हमारे लेखक ने अपने मूल श्रोताओं को आशा देने के लिए दाऊद के महान शूरवीरों के दोनों अभिलेखों को डिजाइन किया। विभाजित राजशाही और बेबीलोन की बंधुवाई के दौरान इस्राएल के शत्रु अक्सर अजेय लगते थे। लेकिन बहुत कुछ दाऊद के समय में इन महान शूरवीरों के समान, इस्राएल को दाऊद के प्रति परमेश्वर के अनुग्रह में आशा को नहीं छोड़ना था। इसके विपरीत, उन्हें दाऊद के घराने के लिए फिर से शक्तिशाली शूरवीरों को खड़ा करने के लिए परमेश्वर पर भरोसा रखना था।

यह हमें जारी रहने वाले उन लाभों पर हमारे लेखक के ध्यान-केंद्रण के पहले और अंतिम भागों पर लाता है जिन्हें परमेश्वर ने दाऊद के घराने के माध्यम से प्रदान किए। आइए 21:1-14 और 24:1-25 में परमेश्वर के अभिशाप से इस्राएल को राहत दिए जाने के इन दो वृत्तांतों को देखें।

परमेश्वर के अभिशापों से राहत (2 शमूएल 21:1-14)

परमेश्वर के अभिशाप से इस्राएल को राहत का पहला उदाहरण 21:1-14 में दाऊद के शासनकाल के दौरान आए अकाल की प्रसिद्ध कहानी है। पद 1 मंच को यह कहकर सजाता है कि देश में अकाल पड़ा। जैसे-जैसे अकाल जारी रहा, दाऊद ने अंतर्दृष्टि के लिए प्रार्थना की। परमेश्वर ने उसे प्रकट किया कि अकाल शाऊल और उसके घराने के कारण इस्राएल पर आया है क्योंकि उन्होंने गिबोनियों के साथ इस्राएल की संधि की अवहेलना में उन्हें मार डाला था। अब, इस घटना का बाइबल में कोई रिकॉर्ड नहीं है, लेकिन यह शाऊल के शाही अधिकार का एक गंभीर उल्लंघन था। यहोशू 9:15-18 में, इस्राएल के गोत्रों ने गिबोनियों को वहाँ निवास करने और सुरक्षा देने की शपथ ली थी। लेकिन शाऊल ने इस संधि का

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

उल्लंघन किया, और उसके उल्लंघन के कारण, परमेश्वर ने अपने लोगों के खिलाफ अकाल का अभिशाप भेजा।

अध्याय 21:2-6 फिर बताता है कि कैसे दाऊद ने गिबोनियों के लिए प्रायश्चित करने के तरीके की खोज की, जैसा कि मूसा की व्यवस्था के अनुसार उचित था। पहले तो, गिबोनियों ने किसी भी प्रायश्चित के लिए पूछताछ करने को विनम्रतापूर्वक मना कर दिया। फिर भी, दाऊद के जोर देने पर, गिबोनियों ने इस अपराध के लिए शाऊल के घराने से भरपाई के लिए कहा। उन्होंने कहा कि शाऊल के सात पुत्र फाँसी के लिए उन्हें दिए जाएं, और दाऊद इन शर्तों के लिए सहमत हो गया।

7-9 पदों में, शमूएल के लेखक ने पहले समझाया कि दाऊद ने योनातन को दिए अपने शपथ के कारण मपीबोशेत को नहीं दिया। फिर हमारे लेखक ने उन सातों पुत्रों के नाम दर्ज किए जिन्हें दाऊद ने गिबोनियों को दिया था, और उसने बताया कि कैसे गिबोनियों ने उन्हें मार डाला।

10-14 पदों में अकाल की समाप्ति के साथ यह कहानी खत्म होती है। शाऊल के परिवार के प्रति दया दिखाने के द्वारा दाऊद ने स्वयं को सम्मानित दिखाना जारी रखा। उसने शाऊल के पुत्रों के शवों को शाऊल और योनातन की हड्डियों के साथ शाऊल के पिता, कीश के कब्रिस्तान में दफनाया। और, दाऊद के धर्मी एवं सम्मानजनक कार्यों के परिणामस्वरूप, पद 14 का दूसरा भाग कहता है, “उसके बाद परमेश्वर ने देश के लिये प्रार्थना सुन ली।” देश के लिए की गई प्रार्थनाओं का उत्तर दिया गया, और अकाल समाप्त हो गया।

यदि शमूएल के लेखक ने इस कहानी को अन्य संदर्भ में रखा होता, तो उसके श्रोताओं के लिए इसके कई निहितार्थ हो सकते थे। लेकिन दाऊद के शासन के जारी रहने वाले लाभों के संदर्भ में, यह शाऊल और उसके घराने के कारण दिव्य अभिशाप से राहत दिलाने में दाऊद की भूमिका पर प्रकाश डालता है। इस प्रकरण में, शमूएल के लेखक ने पुष्टि की कि शाऊल का घराना जिस दिव्य अभिशाप को इस्राएल पर लाया था उससे राहत दाऊद के धर्मी शासन द्वारा आया। मूल श्रोताओं के लिए इस घटना का निहितार्थ स्पष्ट था। उनके समय में, परमेश्वर का राज्य अभी भी दाऊद के राजवंश के धर्मी शासन *के माध्यम से* परमेश्वर के अभिशाप से मुक्त हो सकता है।

परमेश्वर के अभिशाप से राहत (2 शमूएल 24:1-25)

परमेश्वर के अभिशाप से इस्राएल की राहत का समानांतर उदाहरण हमारी पुस्तक के समापन अध्याय 24:1-25 में दिखाई देता है। यह दाऊद की जनगणना और उसके बाद इस्राएल पर परमेश्वर के अभिशाप की प्रसिद्ध कहानी है। यह वृत्तांत उस कहानी के समान है जिसे हमने अभी देखा जो यह रिपोर्ट करती है कि कैसे दाऊद अपने लोगों के खिलाफ परमेश्वर के अभिशाप से राहत लाया। लेकिन यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण तरीके से अलग है: इस बार, दाऊद के अपने पाप के कारण इस्राएल पर दंड आया।

यह अंतिम कहानी दाऊद की जनगणना के वृत्तांत के साथ 1-9 पदों में शुरू होती है। अब, पद 1 के अनुसार, परमेश्वर ने दाऊद को उसके लड़ने वाले सैनिकों की गिनती करने के लिए उकसाया। लेकिन जैसा कि 1 इतिहास 21:1 में इसका समानांतर बताता है, परमेश्वर ने ऐसा शैतान की भूमिका के माध्यम से किया। हम पूर्ण रूप से निश्चित नहीं हो सकते हैं कि यह जनगणना करना इतना पापमय क्यों था, लेकिन सभी संभावनाओं में, दाऊद ने अपनी सेना की ताकत का आंकलन करने के लिए इस जनगणना का आदेश दिया। इस कार्य ने संकेत दिया कि दाऊद अब इस्राएल की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से परमेश्वर पर निर्भर नहीं था। जो भी हो, दाऊद के सेनापति योआब ने आपत्ति की, लेकिन दाऊद ने जोर दिया, और योआब ने अनुपालन किया।

इसके बाद कहानी 10-17 पदों में दाऊद के पश्चाताप और परमेश्वर के दंड की रिपोर्ट देती है। जनगणना करने के बाद, दाऊद को अपने पाप का एहसास हुआ और उसने परमेश्वर के सामने अपने अपराध को स्वीकार किया। गाद नबी के माध्यन से, परमेश्वर ने दाऊद को अनुशासन का चुनाव करने की

पेशकश की। परमेश्वर की महान दया पर भरोसा करते हुए, दाऊद ने कहा कि वह परमेश्वर के हाथों में पड़ना चाहेगा और न कि मनुष्यों के हाथों में। लेकिन जब इस्राएल पर भयंकर महामारी का न्याय आया तो लगभग 70,000 लोग मर गए। और जैसे ही यहोवा का स्वर्गदूत यरूशलेम के लोगों को नष्ट करने लिए निकट पहुँचा, दाऊद ने स्वयं को और भी अधिक नम्र किया। 24:17 में, दाऊद ने कहा:

> देख, पाप तो मैं ही ने किया, और कुटिलता मैं ही ने की है। परन्तु इन भेड़ों ने क्या किया है? इसलिये तेरा हाथ मेरे और मेरे पिता के घराने के विरुद्ध हो (2 शमूएल 24:17)।

दाऊद ने अपने अपराध को पूर्ण रूप से स्वीकार किया और परमेश्वर से दंड को लोगों पर से हटा कर दाऊद और उसके घराने पर लाने की प्रार्थना की।

18-25 पदों में, गाद नबी ने दाऊद को अरौना के खलिहान में यहोवा की एक वेदी बनवाने का आदेश देने के द्वारा, दाऊद के सच्चे पश्चाताप के लिए प्रत्युत्तर दिया। यह वही खलिहान था जहाँ, दशकों बाद, सुलैमान मंदिर का निर्माण करेगा। दाऊद ने जमीन खरीदी और ईमानदारी से अपने और देश की ओर से बलिदानों को चढ़ाया। फिर कहानी पद 25 में इन वचनों के साथ समाप्त होती है: "और यहोवा ने देश के निमित विनती सुन ली, तब वह महामारी इस्राएल पर से दूर हो गई।"

शमूएल के लेखक ने अध्याय 21 में अपने पहले वाले वृत्तांत के साथ समानांतरता को उजागर करने के लिए उद्देश्यपूर्ण रीति से इस कहानी को इस तरीके से समाप्त किया। यह बताने के द्वारा कि देश की ओर से अपने लोगों की प्रार्थनाओ को परमेश्वर ने सुना, परमेश्वर के अभिशाप से इस्राएल की राहत के दोनों वृत्तांत समाप्त होते हैं। और दोनों ही मामलों में, परमेश्वर ने अपने अभिशापों को दाऊद के कार्यों के कारण रोका।

इस प्रकाश में, यह समझना मुश्किल नहीं है कि क्यों शमूएल के लेखक ने इस कहानी के साथ अपनी पुस्तक को समाप्त किया। उसके मूल श्रोता इस्राएल देश पर भयंकर न्याय के समय में रहते थे। लेकिन यहाँ हमारे लेखक ने प्रकट किया कि कैसे उसके मूल श्रोता परमेश्वर के अभिशापों से राहत पा सकते हैं — यहाँ तक कि दाऊद और उसके घराने द्वारा उन पर लाए गए अभिशापों से भी। परमेश्वर ने दाऊद पर बहुत अनुग्रह किया। और यह स्वीकार करने के द्वारा कि परमेश्वर के दंड से क्षमा और राहत सिर्फ दाऊद के घराने के माध्यम से ही आएगी, उन्हें दाऊद के प्रति परमेश्वर के अनुग्रह पर भरोसा करना था।

दाऊद के शासनकाल की जारी रहने वाले लाभों की संरचना एवं विषयवस्तु को ध्यान में रखकर, हम इन अध्यायों के मसीही अनुप्रयोग का पता लगाने के लिए तैयार हैं। शमूएल की पुस्तक के समापन अध्यायों से आज हमें क्या सीखना चाहिए?

मसीही अनुप्रयोग

जैसा कि हमने देखा, शमूएल के लेखक ने दाऊद के शासनकाल की जारी रहने वाली आशीषों के साथ अपनी पुस्तक को बंद किया। इन आशीषों ने दाऊद और उसके शाही वंशजों की विफलताओं द्वारा लाई गई परीक्षाओं के दौरान भी इस्राएल को आशा बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। मसीही होने के नाते, हमें भी प्रोत्साहन की आवश्यकता है, लेकिन एक महत्वपूर्ण अंतर है। शमूएल के मूल श्रोताओं के विपरीत, हम महान मसीहा, यीशु की सेवा करते हैं, जो कभी भी किसी भी रीति से परमेश्वर की इच्छा को पूरा करने में विफल नहीं हुआ। बेशक, मसीह का सिद्ध शासन अपनी परिपूर्णता में अभी तक नहीं आया है। हम अभी भी पाप के कारण कठिनाईयों का सामना करते हैं। इन कारणों से, शमूएल की पुस्तक के समापन अध्यायों के पास भी हमें देने के लिए बहुत कुछ है।

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

हम शमूएल के इस भाग के मसीही अनुप्रयोग को उन तरीकों से देखेंगे जो इस अध्याय में हमारी पहले की चर्चाओं के समानांतर हैं। सबसे पहले, हम परमेश्वर की वाचाओं की चर्चा करेंगे, और दूसरा हम परमेश्वर के राज्य को देखेंगे। हमारे लेखक ने अपनी पुस्तक के इस भाग में परमेश्वर की वाचाओं पर कैसे जोर दिया?

परमेश्वर की वाचाएँ

विभिन्न तरीकों में, दाऊद के जारी रहने वाले लाभों की ओर संकेत करने वाले प्रत्येक प्रकरण, परमेश्वर की वाचाओं की सभी गतिशीलताओं पर ध्यान आकर्षित करते हैं। ये सभी छह प्रकरण उन तरीकों की ओर इशारा करते हैं जिनमें परमेश्वर ने दाऊद और इस्राएल के लिए परोपकारिता को दिखाना जारी रखा। हर एक में, हमारे लेखक ने कृतज्ञतापूर्ण निष्ठा के लिए परमेश्वर के मानकों को आगे रखा। और प्रत्येक प्रकरण इस बात को बताता है कि कैसे परमेश्वर इस्राएल के लिए अवज्ञा के लिए अभिशाप और आज्ञाकारिता के आशीषों को लाया।

हमेशा की तरह, जब हम परमेश्वर की वाचाओं की गतिशीलताओं पर इन दृष्टिकोणों को लागू करते हैं तो हमें नए नियम की शिक्षाओं का पालन करने के लिए सावधान रहना चाहिए। हमारे हृदयों को पहले मसीह की ओर मुड़ना चाहिए। इन अध्यायों में दाऊद और इस्राएल के प्रति परमेश्वर की हर एक परोपकारिता हमें मसीह में परमेश्वर की इससे बड़ी परोपकारिताओं की ओर इंगित करते हैं। निष्ठा का प्रत्येक कार्य हमें इस बात की याद दिलाता है कि मसीह की सिद्ध निष्ठा कितनी श्रेष्ठ है। जब ये अध्याय उन अभिशापों और आशीषों की ओर इशारा करते हैं जो दाऊद और इस्राएल पर आए, तो वे उन अनंत अभिशापों और आशीषों को स्वीकार करने के लिए हमसे आह्वान करते हैं जो मसीह लाता है।

लेकिन स्वयं मसीह पर ध्यान-केंद्रित करना जितना भी महत्वपूर्ण है, हमें अपने स्वयं के जीवनों के लिए दाऊद के शासन के जारी रहने वाले लाभों को भी लागू करना है। जब हम इस विषय को पढ़ते हैं कि कैसे शाऊल और दाऊद के पापों के कारण परमेश्वर देश पर अभिशापों को लाया, तो हमें याद दिलाया जाता है कि परमेश्वर अपनी कलीसिया के लिए अस्थायी अनुशासन लाता है। और दाऊद के समान, हमें मसीह में विनम्र पश्चाताप और विश्वास में होकर प्रत्युत्तर देना चाहिए।

जब हम दाऊद के शूरवीरों की जीत के बारे में पढ़ते हैं, तो हमें उन बुराईयों के खिलाफ संघर्षों में विश्वास दिया जाता है, जिनका सामना हम परमेश्वर के लोगों के रूप में करते हैं। और बहुत कुछ जैसे दाऊद ने अपनी विफलताओं के बावजूद, परमेश्वर के जारी रहने वाले अनुग्रह की पुष्टि की, हम भी परमेश्वर पर विश्वास रख सकते हैं। मसीह में नई वाचा के कारण, परमेश्वर किसी भी पुरुष, महिला या बच्चे को पूरी रीति से नहीं छोड़ेगा।

> शाऊल ने, अपने सबसे अच्छे समयों में, पलिश्तियों को हराया और यह बात इस्राएल को राजा में आशा रखने के लिए प्रोत्साहित करती है। लेकिन निश्चित रूप से हम जानते हैं, शाऊल बहुत ही अधर्मी था, और इसलिए परमेश्वर शाऊल से राज्य छीन लेता है और इसके द्वारा वह कह रहा है, "मैं तुम्हारी आशा और विश्वास को राजा शाऊल से हटा कर राजा दाऊद और उसके वंशजों में स्थानांतरित करना चाहता हूँ।" ... हम यह भी देखते हैं कि जब तक दाऊद मूसा के साथ परमेश्वर की वाचा के प्रति वफादार रहा, तब तक परमेश्वर दाऊद के कई शक्तिशाली कारनामों के माध्यम से पूरे इस्राएल को बचाता रहा। और देखें, इसलिए कि यही कुंजी है: अपनी आशा और विश्वास को ऐसे मनुष्य पर रखें, जो मूसा के साथ परमेश्वर की वाचा के प्रति वफादार है। अब, हम निश्चित रूप से जानते हैं कि, दाऊद ने भयंकर रीति से पाप किया और स्वयं वाचा का उल्लंघन किया, इसलिए पाठक अब सवाल उठा रहे हैं "हमें बचाने के लिए क्या हम दाऊद

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

> और उसके वंशजों में आशा लगा सकते हैं?" ... और इसलिए, शमूएल की पुस्तकें उस सर्वदा की वाचा पर बहुत जोर देती हैं जिसे परमेश्वर ने दाऊद और उसके वंशजों से बाँधी थी: एक दिन ऐसा विश्वासयोग्य, धर्मी शासक होगा जो मूसा के साथ वाचा के प्रति पूर्ण रूप से वफादार रहेगा, इसलिए अपनी आशा को दाऊद के उस आने वाले वंशज पर लगाएं। अब, हम जानते हैं कि वह मसीह के व्यक्ति में होकर आया जो पापरहित था, जिसने व्यवस्था का पूर्ण रूप से पालन किया। वही वह जन है जिस पर आज हम अपनी आशा और विश्वास को रखते हैं।
>
> — डॉ. एंड्रयू पारली

दाऊद के जीवन के इस भाग में परमेश्वर की वाचाओं की गतिशीलताओं को ध्यान में रखकर, हमें इस बात को भी ध्यान में रखना चाहिए कि कैसे मसीही अनुप्रयोग हमसे मसीह में परमेश्वर के राज्य के उजागर होने पर ध्यान देने की माँग करता है।

परमेश्वर का राज्य

इन अध्यायों में, शमूएल के लेखक ने स्पष्ट किया कि, दाऊद और उसके घराने के प्रति अपने अनुग्रह के कारण, इस्राएल में परमेश्वर का राज्य विफल नहीं होगा। और बहुत कुछ इसी तरह, क्योंकि यीशु सिद्धता के साथ दाऊद का धर्मी पुत्र है, जो उन सब बातों को पूरा करता है जिसकी प्रतिज्ञा परमेश्वर ने दाऊद से की थी, हम मसीह के अनुयायियों के रूप में जानते हैं कि परमेश्वर का राज्य विफल नहीं होगा। फिर भी, जैसे कि हमने देखा, मसीह इन आशाओं को तीन चरणों में पूरा करता है: अपने पहले आगमन के दौरान अपने राज्य के उद्घाटन में, संपूर्ण कलीसियाई इतिहास में अपने राज्य की निरंतरता में, और जब वह महिमा में लौटता है तो अपने राज्य की परिपूर्णता में।

सबसे पहले, शमूएल के ये अंतिम अध्याय हमारे हृदयों को हर उस बात की ओर मोड़ते हैं जिसे यीशु ने अपने राज्य के उद्घाटन में पूरा किया था। दाऊद के घराने के लिए परमेश्वर का अनुग्रह मसीह में पूरा होने लगा। जैसे दाऊद के शूरवीरों ने अपने शत्रुओं को पराजित किया, वैसे ही यीशु ने बुराई को अपनी मृत्यु, पुनरुत्थान एवं स्वर्गारोहण में पूरी तरह से पराजित किया। और, जैसे दाऊद ने इस्राएल को परमेश्वर के अभिशापों से बचाया, वैसे ही यीशु ने अपने अनुयायियों को परमेश्वर के अनंत अभिशापों से बचा कर उन्हे संरक्षित किया।

दूसरा, ये अध्याय हमें इस बात पर भी विचार करने के लिए आह्वान करते हैं कि कैसे अपने राज्य की निरंतरता में मसीह ने दाऊद की सभी उपलब्धियों को प्रतिस्थापित किया। दाऊद और उसके घराने के प्रति परमेश्वर का अनुग्रह मसीह द्वारा राज्य के विस्तारण से पूरा हुआ। दाऊद के शूरवीरों की उपलब्धियों को हमारे पूरे युग में परमेश्वर के शत्रुओं पर यीशु की लगातार बढ़ती जीत के द्वारा पूरा किया जाता है। और इस्राएल देश पर परमेश्वर के अभिशापों को दूर करने में दाऊद की भूमिका प्रत्येक दिन अधिक बड़े तरीकों से पूरी की जाती है जब यीशु परमेश्वर के सिंहासन के सामने हमारी ओर से मध्यस्था करता है।

और तीसरा, जैसे कि दाऊद के घराने पर परमेश्वर की जारी रहने वाली आशीषों ने परमेश्वर के राज्य के भविष्य की ओर मूल श्रोताओं को इंगित किया, वे हमें भी यह इंगित करते हैं कि मसीह हमारे युग की परिपूर्णता के समय क्या हासिल करेगा। जब मसीह वापस लौटेगा , तो वह दाऊद के घराने के लिए परमेश्वर की विश्वासयोग्यता को दिखाएगा। वह अंततः परमेश्वर के सभी आत्मिक एवं शारीरिक शत्रुओं को हराएगा, और उन सभी पर अंनत आशीषों को उँडेलेगा जिन्होंने उस पर विश्वास किया है। और, जैसे देश पर परमेश्वर के अभिशापों से दाऊद राहत लाया, तो जब यीशु महिमा में लौटता और सब चीज़ों को नया बनाता है. तो वह पूरी सृष्टि को हमेशा के लिए परमेश्वर के अभिशापों से छुड़ा लेगा।

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।

उपसंहार

दाऊद राजा पर इस अध्याय में, हमने दोनों हेब्रोन और यरूशलेम में आशीषों वाले उसके पहले वर्षों, से अभिशाप वाले उसके बाद के वर्षों तक दाऊद की राजशाही को देखा, जब बतशेबा के साथ उसके पाप ने उसके राज्य के लिए शुरूआती एवं अन्य बढ़ती हुई परेशानियों को जन्म दिया। फिर भी, इन अभिशापों के बावजूद, हमने देखा कि शमूएल के लेखक ने दाऊद के राजवंशीय वचनों, शूरवीरों और परमेश्वर के अभिशापों से राहत के साथ अपनी पुस्तक को समाप्त किया, जिसने दाऊद के घराने के धर्मी शासन के माध्यम से इस्राएल को दिए गए जारी रहने वाले लाभों को चित्रित किया।

जब इस्राएल के लोगों ने अपने राज्य की विफलताओं का सामना किया तो शमूएल की पुस्तक में दाऊद के शासन के रिकॉर्ड ने उन्हें महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। हालाँकि दाऊद और उसके वंशज विफल रहे और इस्राएल के लोगों पर परमेश्वर के अनुशासन को लाए, फिर भी विश्वासयोग्य लोगों को अभी भी दाऊद के लिए परमेश्वर की प्रतिज्ञाओं पर अपनी आशा को रखना था। आप और मैं भी आज चुनौतियों का सामना करते हैं क्योंकि निष्ठावान सेवा की परमेश्वर की माँग को हम पूरा करने में लगातार विफल रहते हैं। लेकिन दाऊद के शासनकाल की अद्भुत कहानी हमें कुछ ऐसा याद दिलाती है जिसे हमें कभी नहीं भूलना चाहिए। दाऊद के घराने के लिए परमेश्वर की प्रतिज्ञाएं हमारे महान राजा यीशु में पूरी होती हैं। परमेश्वर हमें आशीषित करने और मसीह में अनुशासित करने के लिए तैयार है। लेकिन हम इस बात पर आश्वस्त हो सकते हैं: जब तक मसीह वापस नहीं लौटता है और हम नए आकाश और नई पृथ्वी में परमेश्वर के महिमामय राज्य को नहीं प्राप्त करते हैं, तब तक परमेश्वर अपने विश्वासयोग्य लोगों को संभाले रखेगा।

चलचित्र, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिए, हमारी वेबसाइट http://thirdmill.org/ पर जाएं।